


बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 15 मई 2026 | दिन - शुक्रवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 107 | मूल्य - 5 रुपये









# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर बालाघाट से 4 माह का मासूम एयर एम्बुलेंस से हुआ मुंबई रवाना..

## मासूम अयांश को मिली नई जिंदगी की उम्मीद, आयुष्मान योजना से होगा निःशुल्क उपचार..

## माता पिता बोले अहसानमंद रहेंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले के चार माह के मासूम अयांश मसराम के लिए गुरुवार का दिन नई उम्मीद लेकर आया। गंभीर हृदय रोग से जूझ रहे अयांश को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर शुरू की गई पीएम श्री एयर एम्बुलेंस योजना के तहत एयर लिफ्ट कर बेहतर उपचार के लिए मुंबई भेजा गया। यह पूरा उपचार आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क कराया जा रहा है।***

कटंगी विकासखंड के ग्राम देवरी बुजुर्ग निवासी अयांश मसराम, पिता शैलेश मसराम, पिछले कई दिनों से गंभीर हृदय रोग से पीड़ित था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार के लिए बड़े शहर में इलाज कराना लगभग असंभव था। लेकिन शासन की संवेदनशील पहल और जिला प्रशासन की तत्परता ने इस मासूम को जीवनदान की उम्मीद दे दी।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में 14 मई 2026 को सुबह जिला चिकित्सालय बालाघाट से अयांश को पड़ोसी महाराष्ट्र राज्य के गोंदिया जिले के बिरसी एयरपोर्ट ले जाया गया, जहां से प्रातः 10 बजे पीएम श्री एयर एम्बुलेंस द्वारा उसे मुंबई स्थित नारायण हृदयालय के लिए रवाना किया गया। वहां उसका उपचार एवं आवश्यक सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप की मौजूदगी में बच्चे को एयरलिफ्ट कराया गया। इस दौरान जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक आरबीएसके राजाराम चक्रवर्ती भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि 8 मई को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिला चिकित्सालय बालाघाट के डीईआईसी में आयोजित विशेष शिविर के दौरान अयांश की गंभीर हृदय बीमारी का चिन्हांकन किया गया था। मुंबई के नारायण हृदयालय की शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ प्रिया प्रधान ने जांच के बाद बच्चे की तत्काल सर्जरी आवश्यक बताई थी।

इसके बाद जिला प्रशासन ने तेजी से कार्रवाई करते हुए एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था की। बीते दो दिनों से जिला अस्पताल के पीआईसीयू में डॉ राहुल गेडाम एवं डॉ आशुतोष बांगरे की निगरानी में बच्चे का उपचार चल रहा था। स्वास्थ्य में सुधार होने पर उसे मुंबई रेफर करने का निर्णय लिया गया।

### आंखों में आंसू लिये बोले माता पिता..

सबसे भावुक पल उस समय आया जब अयांश के परिजन एयर एम्बुलेंस में बैठे। आंखों में आंसू लिए उन्होंने मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। परिजनों ने कहा कि उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि उनका बच्चा एयर एम्बुलेंस से मुंबई इलाज के लिए जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन और प्रशासन की मदद ने उनके बच्चे को नई जिंदगी की उम्मीद दी है। परिजनों की भावुक स्थिति देखकर सीएमएचओ डॉ उपलप ने उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। अधिकारियों की संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई ने यह साबित कर दिया कि शासन की योजनाएं जरूरतमंदों के लिए वास्तव में जीवनदायिनी बन रही हैं।

# सरकारी ड्यूटी से इनकार करने पर एसीबी की कार्यवाही में बाधा डालने पर वरिष्ठ लिपिक के विरुद्ध मामला दर्ज..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्यवाही में सहयोग न करना और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश की अवहेलना करना महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण के एक वरिष्ठ लिपिक को महंगा पड़ गया है। लचलुचपत प्रतिबंधक विभाग (एंटी करप्शन ब्यूरो) की शिकायत पर रामनगर पुलिस ने आरोपी कर्मचारी के खिलाफशासकीय आदेश के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है।***

मिली जानकारी के अनुसार, 11 मई 2026 को एसीबी गोंदिया के पास एक लोकसेवक के खिलाफरिश्वत मांगने की शिकायत प्राप्त हुई थी। भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत इस शिकायत पर त्वरित जाल बिछाने के लिए नियमानुसार दो सरकारी गवाहों (पंच) की आवश्यकता थी। शासन के नियमानुसार, एसीबी ने कार्यकारी अभियंता, महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण गोंदिया को पत्र लिखकर वर्ग-3 के दो कर्मचारियों को पंच के रूप में भेजने का अनुरोध किया था। कार्यकारी अभियंता ने इस संबंध में वरिष्ठ लिपिक अमित रमेश पवार (45) को ड्यूटी पर हाजिर होने का लिखित आदेश दिया। आरोपी अमित पवार ने वरिष्ठों के आदेश को ताक पर रखते हुए एसीबी कार्यालय में उपस्थित होने से साफइनकार कर दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने अपना मोबाइल फोन भी बंद कर लिया और ड्यूटी से गायब हो गए। आरोपी के इस व्यवहार के कारण भ्रष्टाचार के विरुद्ध होने वाली एक महत्वपूर्ण गोपनीय कार्यवाही में बाधा उत्पन्न हुई। एसीबी के अनुसार, आरोपी का यह कृत्य न केवल प्रशासनिक अनुशासनहीनता है, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से भ्रष्टाचार को समर्थन देने जैसा है। सरकारी आदेश की अवहेलना और शासकीय कार्य में बाधा डालने के कारण आरोपी अमित पवार के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत रामनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। अपीलः भ्रष्टाचार विरोधी विभाग ने स्पष्ट किया है कि शासकीय कार्यों और भ्रष्टाचार उन्मूलन के अभियान में सहयोग न करना अपराध की श्रेणी में आता है और ऐसे कर्मचारियों के विरुद्ध भविष्य में भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## आवश्यकता है..

बालाघाट शहर के प्रसिद्ध डिस्ट्रीब्यूटर वाधवानी फटाखा बाजार एवं विजय सेल्स में कार्य के लिये मार्केटिग सेल्समेन, पुरुष एवं महिला कर्मचारी की आवश्यकता है।
संपर्क करें..
मो. 9425639000, 9300039839, 7693039839

## आवश्यकता है..

*बालाघाट शहर के प्रसिद्ध गपशप रेस्टॉरेंट (केशर प्लाजा कॉम्पलेक्स, हनुमान चौक बालाघाट) में वेटर एवं हेल्पर की आवश्यकता है। संपर्क करें..*
*मो. 9301210805, 7000671780*

## WALK IN INTERVIEW

### PROGRESSIVE ENGLISH SCHOOL

( CBSE Affiliation No. 1130355 )

Requires following staff for the rapid growth and expansion plan of the school (CBSE) for the next academic session for classes Nursery to XII.


| Post | Educational Qualification | Post |
|---|---|---|
| English | B.A. , M.A.(Elt.) B.Ed. | 3 |
| SST Teacher | M.A (Social Studies) | 2 |
| Hindi / Marathi | B.A. , M.A.(Hlt./ Mlt.) B.Ed. | 2 |
| Computer Teacher | Diploma in Computer with Language | 2 |

**Note :-** All candidates are expected to have good command over English. Attractive Salary structure as per qualification. Eligible candidates should come for Interview along with their own handwritten application, detailed Bio-data, Contact no. and Photograph, on dated **18.05.2026 (Monday) at 10.30 a.m.**

**Venue:- Progressive Convent, Gajanan Mandir, Civil Line, Gondia**

**Please send your resume at nirajpnvision@gmail.com**

President / Secretary
Smt. Umabai Mlp. Edu. Society,
Gondia





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
# जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433

## मनीष अग्रवाल 'आर्ट ऑफ लिविंग अनसंग एवरीडे हीरोज अवार्ड' से जबलपुर में हुए सम्मानित..





जगप्रेरणा सिवनी।

***संस्कारधानी जबलपुर के मानस भवन ऑडिटोरियम में 'द आर्ट ऑफलिविंग' संस्था द्वारा आयोजित गरिमामयी समारोह में सिवनी के वरिष्ठ समाजसेवी***

एवं व्यवसायी मनीष अग्रवाल को 'अनसंग एवरीडे हीरोज अवार्ड' से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें माननीय हाई कोर्ट जस्टिस श्री अजीत सिंह जी के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया।

### निस्वार्थ सेवा का प्रतिफल..

समारोह के दौरान मंच से मनीष जी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा गया कि समाज में कई ऐसे व्यक्तित्व होते हैं जो प्रचार-प्रसार से दूर रहकर, शांत भाव से समाज सेवा और सकारात्मक परिवर्तन लाने में जुटे रहते हैं। गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी की प्रेरणा से शुरू किए गए इन पुरस्कारों का उद्देश्य ऐसे ही 'अनदेखे नायकों' को मंच प्रदान करना है।

### गुरुदेव के 70 वें वर्ष के उपलक्ष्य में विशेष आयोजन..

यह पुरस्कार 'द आर्ट ऑफ लिविंग' के सेवा कार्यों के 45 वर्ष और गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी के 70वें जन्म वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। मनीष अग्रवाल जी को यह अवार्ड 'व्यवसाय एवं परोपकार' की श्रेणी में उनके उत्कृष्ट योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव के लिए दिया गया है।

### सिवनी जिले के लिए गौरव का क्षण..

जस्टिस श्री अजीत जी द्वारा सम्मानित किए जाने पर सिवनी के नागरिक एवं शुभचिंतक हर्षित हैं। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि मनीष जी का यह सम्मान उनकी वर्षों की मेहनत और समाज के प्रति उनकी कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है।

### बधाई संदेश..

'मनीष अग्रवाल को इस गौरवमयी उपलब्धि के लिए बहुत-बहुत बधाई और उनके उज्जवल भविष्य की अनंत शुभकामनाएँ'।

## सुखलाल तालाब अतिक्रमण मामले में हुआ सीमांकन, पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रशासन ने लगाए सीमा निशान





जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।

***तहसील एवं जिला सिवनी अंतर्गत ग्राम काँहीवाड़ा स्थित सुखलाल तालाब की मेड़ तोड़कर कथित अतिक्रमण किए जाने के मामले में***

प्रशासन द्वारा सीमांकन कार्य कराया गया।इस मामले को लेकर ग्राम पंचायत काँहीवाड़ा के जनप्रतिनिधियों पर लगातार उंगलियां उठाई जा रही थीं कि पंचायत द्वारा तालाब का सीमांकन नहीं कराया जा रहा है, लेकिन गत दिवस पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ही सीमांकन की कार्रवाई संपन्न कराई गई।

जानकारी के अनुसार कलेक्टर जनसुनवाई में नागरिकों द्वारा शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया गया था कि कुछ अज्ञात तत्व तालाब की मेड़ को नुकसान पहुंचाकर सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। शिकायत में तालाब के अस्तित्व पर खतरा होने की बात भी कही गई थी।

मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिवनी द्वारा आदेश क्रमांक 1393 /A/पंचायत प्रश्न./ ज. प./ 2026 के तहत खसरा नंबर 491, रकबा 0.55 हेक्टेयर भूमि के सीमांकन के निर्देश जारी किए गए। निर्धारित तिथि 12 मई 2026 को राजस्व अमला मौके पर पहुंचा और सीमांकन कार्य किया गया। इस दौरान सरहदी कृषक, मांझी मछुआ सहकारी समिति मर्यादित कान्हीवाड़ा के प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के उपसरपंच, पंचगण, एवं ग्राम पंचायत प्रभारी सचिव उपस्थित रहे।

राजस्व अधिकारियों ने नक्शे के अनुसार दुमेड़ा-तिमेड़ा की सहायता से चतुर्थ सीमाओं पर निशान लगवाए तथा मौके पर मौजूद लोगों को सीमाओं की जानकारी दी। कार्रवाई पूर्ण होने के बाद पंचनामा तैयार कर संबंधित लोगों के हस्ताक्षर भी लिए गए। गौरतलब है कि इस पूरे मामले में पंचायत प्रतिनिधियों पर कथित अतिक्रमणकारियों का समर्थन करने के आरोप लगाए जा रहे थे। हालांकि पंचायत पक्ष का कहना है कि प्रशासनिक कार्रवाई में पूरा सहयोग किया गया तथा सार्वजनिक तालाब की भूमि सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सीमांकन कार्य कराया गया।

## स्वर्गीय ठाकुर हरवंश सिंह जी की मनाई गई पुण्यतिथि..

### जेष्ठ पुत्र केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह सहित ब्लाक कांग्रेस पदाधिकारी हुए शामिल..



जगप्रेरणा छपारा।

***मध्यप्रदेश जिला सिवनी के कद्दावर कांग्रेस पार्टी के नेता पूर्व त्रि विभागीय मंत्री एवं मध्यप्रदेश विधानसभा के***

पूर्व उपाध्यक्ष रहे स्व. ठाकुर हरवंश सिंह के 14 मई को उनकी तेरहवीं पुण्यतिथि पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया साथ ही छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती मरीजों एवं परिजनों को फल एवं बिस्कुट वितरण कर सभी के जल्द स्वस्थ होने की कामनाएं की गई उक्त अवसर पर स्वर्गीय ठाकुर हरवंश सिंह के जेष्ठ पुत्र और केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह भी मौजूद रहे इसके पूर्व नगर के बस स्टैंड के समीप निज कांप्लेक्स में एकत्रित हो सभी के द्वारा क्रमशः स्वर्गीय ठाकुर हरवंश सिंह के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर तिलक एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छपारा के अध्यक्ष गुलाब साहू, रमेश चंद्र जैन, शरद जैन, भरत जैन, मोहम्मद सिहाब ख़ान, कुलदीप ठाकुर, रमेश चौहान, नितिन जैन, रामेश्वर ठाकुर, दिनेश ठाकुर, चंद्रशेखर श्रीवात्री, प्रदीप श्रीवास्तव, गजेन्द्र सिंह चौहान, रामेश्वर बंजारा सहित पार्टी युवा एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## विभिन्न खेलों की गतिविधियों का आनंद उठाया सैकड़ों खिलाड़ी बच्चों ने



जगप्रेरणा सिवनी।

***सिवनी के स्थानीय हाकी मैदान एस्ट्रोटर्फमें बीते दिवस 12-05-2026 को मध्यप्रदेश शासन राज्य आनंद संस्थान द्वारा***

सैकड़ों की संख्या में उपस्थित बच्चों के साथ मास्टर ट्रेनर श्रद्धा ठाकुर एंव अजय सनोडिया द्वारा सहभागिता दर्ज कराते हुए खिलाड़ी बच्चों के बीच स्वयं को स्वयं से जानने की थीम पे आधारित संवाद एवं खेलों से संबंधित विभिन्न प्रकार की एक्टिविटी कराई गई। इस खास अवसर पर सभी बच्चों द्वारा इसमें खुशनुमा माहौल के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए हिस्सा लेकर अपने फिटनेस और खेल के प्रति आंनदमयी माहौल का अनुभव प्राप्त किया। इस खास अवसर पर विधायक खेल प्रतिनिधि मोनू मिश्रा एवं हांकी कोच फैजल उपस्थित रहे।

## 9 वर्षीय युवक की गला रेतकर हत्या

जगप्रेरणा सिवनी।

***जिला मुख्यालय के कोतवाली थाना क्षेत्र के अकबर वार्ड में देर रात एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद परिजनों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर सख्त कार्रवाई की मांग की।***

अकबर वार्ड निवासी 19 वर्षीय अनुराग डेहरिया पर कुछ युवकों ने हमला किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों ने धारदार चाकू से अनुराग के गले पर वार किया। अत्यधिक रक्तस्राव के कारण अनुराग की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया है और साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम की मदद ली जा रही है।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह मामला आपसी रंजिश से जुड़ा बताया जा रहा है। अनुराग का कुछ युवकों के साथ पहले विवाद हुआ था, जिसका बदला लेने के लिए इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

इस घटना के बाद परिजन दोपहर करीब एक बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसपी से आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की मांग की। परिजनों ने कहा कि जब तक आरोपियों और उन्हें संरक्षण देने वालों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक वे शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

### जल्द ही आरोपियों को करेंगे गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि हत्या में शामिल कुछ लोगों के नाम सामने आए हैं, जिन्हें चिन्हित कर लिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दे रही है।

## एन यू एस आई ने की नीट परीक्षा रद्द होने की निंदा..



जगप्रेरणा सिवनी।

***मध्य प्रदेश में गत दिवस नीट की परीक्षा रद्द होने को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एन यू एस आई के जिला अध्यक्ष धनंजय ने अफसोस व्यक्त***

किया है कि इस कार्य में परीक्षा संचालकों एवं प्रदेश सरकार की लापरवाही के कारण हजार विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में हो गया है जो चिंता का विषय है शान इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है।

किस तरह से अभिभावकों ने इस परीक्षा के लिए अपने बच्चों को संसाधन से लेकर तमाम व्यवस्थाएं जुटायी और विद्यार्थियों ने भी इस परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत कर परीक्षा में शामिल होने के लिए तैयारी की थी उनकी मेहनत भी बेकार गई लेकिन प्रदेश सरकार ने इस बात को लेकर जरा भी चिंता व्यक्त नहीं की है जिसकी हम निंदा करते हैं।

अपने आगे कहा कि नीट परीक्षा के पेपर लीक होने की घटना सामान्य बात नहीं है इसके लिए कड़ी सुरक्षा के बावजूद भी आखिर कौन सी गलती हुई है जिसके कारण यह परीक्षा रद्द करनी पड़ी इसकी जांच की जाना चाहिए। एन यू एस आई शुरू से ही छात्र-छात्राओं के हित में हमेशा लड़ती रही है चाहे सत्ता में रही हो या विपक्ष में हमेशा उनका रुख जनहित का रहा है हमने स्थानीय स्तर पर भी स्कूल से लेकर कॉलेज तक गांव से लेकर शहर तक हर छोटे बड़े मामलों को लेकर जिला प्रशासन के समक्ष हमेशा अपनी बात रखी है और आगे भी रखते रहेंगे।

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करे.. हसीब मोहम्मद 7898530101

## विज्ञान, गणित, पर्यावरण प्रतियोगिता वर्ष 2025 - 26 में



### राज्य स्तर के लिए कु. अंबिका साहू का हुआ चयन..

जगप्रेरणा सिवनी।

शास. उच्च. माध्यमिक विद्यालय बकोड़ी माध्यमिक शिक्षक एन. के. गौतम के अथक परिश्रम व प्रयास से विज्ञान, गणित, पर्यावरण मॉडल प्रतियोगिता वर्ष 2025- 26 में छात्रा कु. अंबिका साहू 8 वी का चयन राज्य स्तर पर हुआ। जिसके संरक्षक अजय कुमार भारदुवाज प्र. पा. व पी. के. गजभीये प्राचार्य तथा सहयोगी माध्यमिक शिक्षक प्रवीण कुमार बघेल, अशोक कुमार मर्सकोले, सुनीता बोपचे, लक्ष्मी कुमरे व समस्त स्टॉक शास उच्च. माध्य. विद्यालय बकोड़ी रहा। राज्य स्तर पर चयनित छात्रा कु अंबिका साहू व मार्गदशक शिक्षक एन. के. गौतम माध्यमिक शिक्षक के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

## कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्रवाई: घर से नाराज होकर निकली नाबालिग बालिका सकुशल दस्तयाब

### जबलपुर रेल्वे स्टेशन से दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा..

जगप्रेरणा सिवनी।

***पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गुमशुदा नाबालिग बालिका को त्वरित कार्रवाई करते हुए सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की गई है।***

दिनांक 09.05.2026 को प्रार्थी द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री को मोबाइल पर बात करने को लेकर डांटने एवं सिम निकाल लेने पर वह नाराज होकर बिना बताए घर से कहीं चली गई है। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 360/2026 धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी द्वारा तत्काल विशेष टीम गठित कर अपहृता की तलाश प्रारंभ की गई। तकनीकी सहायता एवं संभावित स्थानों पर लगातार पतासाजी की गई। सतत प्रयासों के फ्लस्वरूप दिनांक 13.05.2026 को अपहृता को जबलपुर रेल्वे स्टेशन के बाहर सकुशल दस्तयाब किया गया।

पूछताछ में बालिका ने बताया कि माता-पिता द्वारा डांटने से नाराज होकर वह स्वयं ट्रेन से जबलपुर चली गई थी। किसी प्रकार का अपराध घटित नहीं हुआ है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूर्ण कर बालिका को सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### सराहनीय भूमिका..

इस कार्रवाई में थाना कोतवाली के स्टाफकी तत्परता एवं संवेदनशीलता सराहनीय रही।

## ग्राम पंचायत डोरली छतरपुर में पंचायत अभिलेख गायब होने के मामले में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

जगप्रेरणा सिवनी।

***जनपद पंचायत सिवनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत डोरली छतरपुर के पंचायत अभिलेख गायब होने के मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी डूडा सिवनी को एफआईआर दर्ज कर विस्तृत जांच करने के निर्देश जारी किये गये हैं।***

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम डोरली छतरपुर निवासी श्री साजिद खान द्वारा पंचायत से संबंधित शिकायत लोकायुक्त भोपाल में की गई थी। उक्त शिकायत की जांच के दौरान ग्राम पंचायत के आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं पाए गए। जांच में यह तथ्य सामने आया कि तत्कालीन सचिव स्वर्गीय भगवत प्रसाद चंद्रवंशी के पास पंचायत के अभिलेख थे, जिनका 13 सितंबर 2025 को आकस्मिक निधन हो गया था।

वर्तमान सरपंच श्रीमती सरोज पटेल एवं प्रभारी सचिव श्री सुनील पटेल द्वारा भी जांच दल को अवगत कराया गया कि पंचायत के दस्तावेज तत्कालीन सचिव के पास ही थे। किंतु जांच के दौरान ग्राम पंचायत कार्यालय में संबंधित अभिलेख उपलब्ध नहीं मिले, जिससे मामला और अधिक गंभीर हो गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सिवनी ने थाना प्रभारी डूडा सिवनी को पत्र जारी कर पंचायत कार्यालय से अभिलेख गायब होने के संबंध में एफआईआर दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जांच प्रतिवेदन शीघ्र जनपद पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई को पंचायतों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं अभिलेखों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।




जग प्रेरणा
# शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोगलई
शुक्रवार 15 मई 2026




दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975

# गोंदिया जिले से आकर बालाघाट जिले में मंदिरों में देते थे चोरी के अपराध को अंजाम..

## बालाघाट पुलिस ने रावणवाड़ी थानांतर्गत निवासी 03 बालिग और 02 विधि विरूद्ध बालकों को किया 08 मंदिरों में चोरी के मामले में गिरफ्तार..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के सीमावर्ती दो जिले बालाघाट और गोंदिया के बीच ना सिर्फ व्यवसायिक एवं सामाजिक रिश्तों का अटूट बंधन है, बल्कि गोंदिया और बालाघाट के पड़ोसी जिले और अलग अलग राज्य का हिस्सा होने के कारण इन दोनों ही जिलों के बीच आपराधिक रिश्ते भी हैं, जी हां, यह बात यहां इसलिये कही*

जा सकता है कि गोंदिया के निवासी आदतन अपराधी बालाघाट में वारदातों को अंजाम देते रहे हैं, वहीं बालाघाट के आदतन अपराधी भी गोंदिया को शिकार बनाते रहे हैं, बल्कि अपराध करके राज्य पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिये भी अपराधी इन दोनों ही जिलों का उपयोग करते रहे हैं, तथा अब चोरी के 08 दर्ज मामलों में भी ऐसा ही सामने आया है, जिसमें बालाघाट पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय गिरोह के गोंदिया जिले के रावणवाड़ी क्षेत्र के 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से विभिन्न मंदिरों से चोरी किया गया चांदी का छत्र, मुकुट, कुण्डल, आंख एवं अन्य चांदी का सामान तथा नगदी राशि जप्त की गई है।

गौरतलब है कि बालाघाट जिले में पिछले कुछ दिनों से थाना लांजी, हट्टा, नवेगांव एवं कोतवाली क्षेत्र के सुनसान एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मंदिरों में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही थीं। दिनांक 16.04.2026 को थाना हट्टा क्षेत्र के ग्राम पीपरारी स्थित हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट एवं कुण्डल चोरी किये गये थे। इसके बाद दिनांक 29.04.2026 को थाना कोतवाली क्षेत्र के गायखुरी स्थित सहस्त्रबाहु अर्जुन मंदिर से 03 चांदी के मुकुट चोरी किये गये। इसी दिनांक को थाना नवेगांव अंतर्गत साई मंदिर से एक दान पेटी एवं मुकुट चोरी किये गये। थाना हट्टा क्षेत्र में दिनांक 05/06.05.2026 की रात्रि ग्राम सिंगोड़ी स्थित सार्वजनिक गणेश मंदिर से 02 पीतल के बड़े घंटे चोरी किये गये तथा दिनांक 08/09.05.2026 की रात्रि शीतला माता मंदिर हट्टा से 01 बड़ा एवं 02 छोटे चांदी के छत्र चोरी किये गये। वहीं दिनांक 09/10.05.2026 की रात्रि ग्राम मोहझरी स्थित भ्रामरी माता मंदिर, शीतला माता मंदिर एवं नर्मदेश्वर शिव मंदिर में चांदी के मुकुट, छत्र, पीतल के घंटे एवं दान पेटी की नगदी चोरी की गई।

इसी क्रम में दिनांक 10/11.05.2026 की रात्रि ग्राम बोलेगांव स्थित दुर्गा मंदिर से चांदी का मुकुट एवं छत्र चोरी किया गया। उक्त सभी घटनाओं पर संबंधित थानों में अपराध धारा 331 (4), 305 (4) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपियों की तलाश प्रारंभ की गई। बालाघाट जिले में मंदिर चोरी की कुल 08 घटनाएं प्रकाश में आई थीं, जिनका बालाघाट पुलिस द्वारा पूर्ण रूप से खुलासा किया गया है।

मंदिर चोरी की लगातार हो रही घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी लांजी, नवेगांव, कोतवाली, किरनापुर एवं हट्टा थानों की कुल 05 विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया । गठित टीमों द्वारा लगातार क्षेत्र में मुखबिर तंत्र सक्रिय कर संदिग्ध व्यक्तियों एवं संपत्ति संबंधी अपराधियों से पूछताछ की जा रही थी। इसी दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिनसे मंदिर चोरी की घटनाओं का खुलासा हुआ।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने थाना लांजी, हट्टा, नवेगांव एवं कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों द्वारा पहले सुनसान मंदिरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों की रेकी की जाती थी, उसके बाद रात्रि में मंदिरों का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता था। सभी आरोपी पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के थाना रावनवाड़ी क्षेत्र के निवासी हैं।

### गिरफ्तार आरोपी..

बालाघाट पुलिस ने मंदिरों में चोरी के आरोप में 1. राहुल पिता दिनदयाल बिसेन उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम अर्जुनी थाना रावनवाड़ी जिला महाराष्ट्र, 2. विशाल राहंगडाले पिता अमर राहंगडाले निवासी ग्राम शिरपुर थाना रावनवाड़ी जिला महाराष्ट्र, 3. लक्की सावनकर पिता मचींद्र सावनकर उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम शिरपुर थाना रावनवाड़ी जिला महाराष्ट्र 4. 2 विधि विरुद्ध बालक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से विभिन्न मंदिरों से चोरी किया गया मशरूका जप्त किया गया है, जिसमें 08 चांदी के मुकुट, 08 चांदी के छत्र, 02 चांदी की आंख, 01 जोड़ी चांदी के कान के कुण्डल एवं दान पेटी तथा चोरी की गई नगदी राशि एवं घटना मे प्रयुक्त मोटरसाइकिल तथा लोहे की रॉड सहित कुल मशरूका 5 लाख का जब्त किया गया है। उक्त सराहनीय कार्यवाही में थाना लांजी पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बालाघाट पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। ज्ञात हो कि मंदिरों में चोरी करने वाले चोरों को गिरफ्तार कर मंदिरों से चुराई सामग्रीयों को जब्त करने पर सराहयनीय योगदान के लिये मंदिर समितियों द्वारा पुलिस अधिकारियों का पुष्पहार से स्वागत भी किया गया।




# वरिष्ठो की प्रमुख उपस्थिति मे भाजपा जिला कामकाजी मासिक बैठक संपन्न



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में कल जिला भाजपा की मासिक कामकाजी बैठक जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जहां विधायक गौरव सिंह पारधी, पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप गुड्डा जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे, सत्यनारायण अग्रवाल, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कल्पना मर्सकोले, पिछडा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री अतीत पंवार, जय किशोर चौधरी, जिला महामंत्री डां नरेन्द्र भैरम, मंचासिन रहे।

सर्वप्रथम भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यापर्ण, दीप प्रज्वल्लन किया गया। गौरतलब रहे प्रदेश नेत्तृव के आव्हान पर प्रत्येक माह जिला, मंडल शक्ति केन्द्रों और बूथों की कामकाजी बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित किया जाना है। इसके पूर्व भाजपा के 37 संगठनात्मक मंडलों में बैठकें हो चुकी है। आज से 298 शक्ति केन्दों में बैठक होना है। साथ ही 20 से माह के अंतिम शनिवार के पहले 1785 बूथों में बैठकें होगी। इसी कडी में जिला भाजपा की मासिक कामकाजी बैठक आहुत हुई। बेला में कार्यकर्ताओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण मेश्राम, अनुसूचित जन जाति प्रदेश मंत्री सुरेन्द्र गुड्डा मरकाम, किशोर अमूले, गोपाल आडवाणी, जितेन्द्र सिहं मोहारे, त्रिवेणी गोस्वामी, अजय मेश्राम, जिला महामंत्री अनुपामा नेताम, जिला कोषाध्यक्ष किरण भाई त्रिवेदी, जिला मंत्री सुधीर चौधरी, राजेश मेश्राम, अरूणा गजभिए, कन्हैया चौहान, जिला मीडिया प्रभारी हेमेन्द्र क्षीरसागर, सह मीडिया प्रभारी जितेन्द्र चौधरी, जिला कार्यालय मंत्री सुमित यादव, चंद्रकांत पिपलेवार, विवेक शिववंशी, वीरेन्द्र श्रीवास, पलाश बिसेन, निरंजन बिसेन, अभय कोचर, राकेश सेवईवार, रमाकांत डहाके, राजेश गोमासे, सतीश लिल्हारे, योगेश बिसेन, योगेश शरणागत, योगेश खैरवार, संतोष साहू, संकेत राठौर, विजय पटले, मिलिंद नगपूरे, मुकेश चौकसे, भीवराम मातरे, केसर बिसेन, डा वेदप्रकाश लिल्हारे, मीना बहेकर, मधु शुक्ेला, आलोक चौरसिया, देवेश ऐडे, तपन राजा चौधरी, चिरौंजी पारधी, प्रदीप शरणगत, प्रसेन्न अवधिया, नीतेश सोनेकर उपस्थित रहे।

### निरंतर प्रवास, जनसंवाद, संपर्क और बैठक : रामकिशोर कावरे

बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने प्रेस्तावना उद्बोधन में कहा, हर बूथ, हर घर संगठन, जनकल्याण, योजनाएं आसानी से पहुचें येही हम सबका ध्येय है। इसी भाव के साथ भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता होने के नाते अपनी जिम्मेदारी हमें निभानी होगी। इसे साकार करने के लिए निरंतर प्रवास, जनसंवाद, संपर्क और बैठकें में अपनी भागीदारी देना होगा। इसी दिशा में भाजपा निष्ठावान कार्यकर्ता अपनी-अपनी जवाबदेही पूर्ण निष्ठा से निर्वहन कर रहे, जिसे आगे भी इसी प्रकार अपने कार्यकर्ता भाव को जन-जन के लिए समर्पित करेंगे। इसी दिशा में 22 से 23 तक दो दिवसीय पं दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन संगठन दक्षता, कार्यक्षेमता और जनसेवा के लिए निर्णायक साबित होगा।

# निर्माण अधिकारियों की बैठक लेकर कलेक्टर मृणाल मीना ने गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण करने दिये निर्देश..

जगप्रेरणा बालाघाट।

*कलेक्टर मृणाल मीना ने 14 मई को सभी निर्माण विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर उनके द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन*



अधिकारी अभिषेक सराफ भी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री मीना ने निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि कार्यों को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। इससे आमजन को निर्माण कार्यों का समय पर लाभ मिल सकेगा। शाला एवं छात्रावास भवनों का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कर उन्हें संबंधित विभाग को हस्तांतरित किया जाए, जिससे छात्र-छात्राओं को नवीन भवनों में अध्ययन एवं रहने की सुविधा मिल सके। उन्होंने निर्माण कार्यों में लगे सभी श्रमिकों का श्रमयोगी मानधन योजना में पंजीयन कराने तथा इसकी रिपोर्ट श्रम पदाधिकारी को प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

### सड़क एवं पुल निर्माण की समीक्षा..

एमपीआरडीसी के कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि लालबर्रा-समनापुर मार्ग के 500 मीटर लंबाई में शेष कार्य कराया जा रहा है। इसमें सीसी रोड का लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा एक स्थान पर बॉक्स कल्वर्ट का कार्य भी प्रारंभ हो गया है। बैहर-सालेटेकरी मार्ग में 700 मीटर का कार्य प्रगति पर है।

### राष्ट्रीय राजमार्ग एवं एप्रोच रोड..

नेशनल हाईवे लोक निर्माण विभाग द्वारा बताया गया कि नैनपुर-बालाघाट सड़क का प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति के लिए दिल्ली भेज दिया गया है। सेतु निर्माण संभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि लांजी-बिसोनी मार्ग, चारटोला-भंडारपुर मार्ग एवं बुदबुदा से नदीटोला मार्ग पर पुल निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि एप्रोच रोड का कार्य शेष है। कलेक्टर ने सड़कों की मरम्मत एवं एप्रोच रोड का कार्य वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही भटेरा रेल ओवरब्रिज एवं जागपुर घाट पुल निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा।

### छात्रावास, स्कूल एवं सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा

बैठक में जनजातीय कार्य विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि छात्रावास अधीक्षक आवास के 36 भवनों में से 24 का कार्य प्रारंभ हो चुका है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना इकाई के महाप्रबंधक ने बताया कि आरसीपीएलडब्ल्यू योजना अंतर्गत स्वीकृत सभी पुलों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। पीआईयू के कार्यपालन यंत्री ने जानकारी दी कि बोलेगांव एवं खैरलांजी में सीएम राइज स्कूल भवन का कार्य पूर्ण हो गया है। सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सातनारी जलाशय का कार्य वर्षा ऋतु पूर्व पूर्ण करने एवं जगला जलाशय के जीर्णोद्धार को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

### स्वास्थ्य, भवन निर्माण एवं पेयजल योजनाओं की समीक्षा

बैठक में लोक निर्माण विभाग, हाउसिंग बोर्ड, पुलिस हाउसिंग, पीआईयू, भवन निर्माण निगम एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा बनाए जा रहे शिक्षा, स्वास्थ्य, जेल एवं राजस्व विभाग के भवनों की समीक्षा की गई। जिला चिकित्सालय में नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र एवं छात्रावास भवन, बिरसा, कटंगी एवं परसवाड़ा में 50 बिस्तरों वाले अस्पताल भवनों का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। बैठक में स्टेडियम निर्माण, जिला पुनर्वास केंद्र भवन एवं जिला खनिज निधि मद से स्वीकृत कार्यों की भी समीक्षा की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा के दौरान नलजल योजनाओं एवं टंकी निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही शालाओं एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल एवं शौचालय के लिए टंकी से जल प्रदाय व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

## श्री श्री रविशंकर के 70 वें जन्मदिवस पर बालाघाट में

# आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा किया गया रक्तदान, सत्संग एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**



परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के 70वें जन्मोत्सव पर बालाघाट में सेवा, साधना और सत्संग का भव्य संगम देखने को मिला। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों में हजारों लोगों की सहभागिता रही। रक्तदान शिविर, नारायण सेवा, ध्यान-साधना, भजन संध्या और महाप्रसाद जैसे आयोजनों ने पूरे शहर को आध्यात्मिक ऊर्जा और मानव सेवा के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम की शुरुआत 13 मई की सुबह गुरु पूजा से हुई।

गुरु वंदना के बाद गुरुदेव की दिव्य वाणी में सुदर्शन क्रिया, प्राणायाम और ध्यान कराया गया। ध्यान एवं साधना के दौरान उपस्थित साधकों ने विश्व शांति, स्वस्थ समाज और तनावमुक्त जीवन का संकल्प लिया। वातावरण में मंत्रों की गूंज और ध्यान की ऊर्जा ने सभी को आध्यात्मिक अनुभूति कराई। गुरुदेव के जन्मोत्सव पर आयोजित रक्तदान शिविर पूरे कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के 40 से अधिक स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर ÷रक्तदान महादान÷ के संदेश को सार्थक किया। स्वयंसेवकों ने कहा कि यदि हमारे शरीर का रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है, तो इससे बड़ी सेवा कोई नहीं।

रक्तदान करने वालों में संजय अग्निहोत्री, राजेंद्र विक्की पालेवार, कमल कुमार बिसेन, दिशा चावला, जितेंद्र सिंह राजपूत, रवि नागपुरकर, अशोक डहरवाल, रंजीत ठाकुर, देवेंद्र बिसेन, विनोद राठौर, भावुराम पटले, संगीता राजपूत, पुलकित राहंगडाले, मुस्कान शुक्ला, महक मंगलानी, विकास बिसेन, विजय बिसेन, रितेश सिंह बैस, उमा शंकर बिसेन, अभिषेक सिंह, विजय गढ़पाले, गौरव तिवारी, आयुष वाधवानी सहित अनेक स्वयंसेवक शामिल रहे। सभी रक्तदाताओं ने हर वर्ष नियमित रूप से रक्तदान करने का संकल्प भी लिया।

### जिला अस्पताल में 400 से अधिक लोगों को कराया भोजन

सेवा सप्ताह के अंतर्गत जिला चिकित्सालय बालाघाट में नारायण सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मरीजों और उनके परिजनों को प्रेमपूर्वक भोजन वितरित किया गया। लगभग 400 से अधिक लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। स्वयंसेवकों ने बताया कि अस्पताल में दूर-दराज से आने वाले कई परिवार आर्थिक कठिनाइयों से जूझते हैं और समय पर भोजन नहीं मिल पाता। ऐसे में यह सेवा कार्य उनके लिए राहत और सहारा साबित हुआ। सेवा कार्य में शामिल स्वयंसेवकों ने कहा कि किसी भी शुभ अवसर पर जरूरतमंदों की सेवा करना ही सच्ची मानवता है और समाज की प्रत्येक संस्था को ऐसे कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। रात्रि में आयोजित गुरु पूजा, सत्संग और महाप्रसाद कार्यक्रम में हजारों लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बेंगलुरु से आए वरिष्ठ शिक्षक अभिषेक सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर और ज्ञान नैनवानी ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। भजनों पर उपस्थित लोग झूमते नजर आए और पूरा परिसर आध्यात्मिक उल्लास से भर गया। इस अवसर पर आर्ट ऑफलिविंग परिवार द्वारा समाज सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले उन लोगों का सम्मान किया गया, जो वर्षों से बिना किसी प्रचार-प्रसार के समाजहित में कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में अशोक बोहने और सुरेश सोनी सहित अन्य समाजसेवियों को सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की गई। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने बताया कि गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी का 70 वां जन्मोत्सव विश्वभर में सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है। इसी उद्देश्य से विभिन्न सेवा प्रकल्प, ध्यान कार्यक्रम और हैप्पीनेस प्रोग्राम आयोजित किए जा रहे हैं। बालाघाट में 28 मई से आयोजित होने वाले हैप्पीनेस प्रोग्राम में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रशिक्षक विकास सोनेकर, पीके सिंह, सुशिला बोरिकर, ऋतु मोहारे, डॉ. सुनीता ठाकरे, डॉ. हेमंत राहंगडाले, सुरजीत सिंह ठाकुर, मानक नागेश्वर, करण बिसेन सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। पूरे आयोजन के दौरान सेवा, साधना और मानवता का अद्भुत संगम देखने को मिला। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने गुरुदेव के संदेश ÷तनावमुक्त मन और हिंसामुक्त समाज÷ को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया।


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
अजय रजक गढ़ी
मो. 84353 19391

# मनरेगा से बदली किसान की जिंदगी, मीनाक्षी तालाब बना आय का मजबूत साधन

जगप्रेरणा लालबर्रा।

***जनपद पंचायत लालबर्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत बहेगांव में मनरेगा योजना के तहत निर्मित मीनाक्षी तालाब ने एक किसान परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में बड़ा बदलाव लाया है।***



ग्राम बहेगांव निवासी हितग्राही रुकमन बाई पारधी को मनरेगा अंतर्गत लगभग 6.05 लाख रुपये की लागत से तालाब निर्माण का लाभ मिला। वर्ष 2019 में निर्मित इस तालाब से पहले किसान को सिंचाई एवं मत्स्य पालन के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं थे। तालाब निर्माण के बाद हितग्राही ने इसमें रोहू, कतला, मृगल, प्रासफेट एवं कॉमन कार्प जैसी मछलियों का पालन शुरू किया। वर्तमान में मत्स्य पालन से प्रतिवर्ष लगभग 55 से 60 हजार रुपये की अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। तालाब निर्माण के बाद खेतों में सिंचाई सुविधा बढने् से धान उत्पादन में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहां पहले लगभग 10 से 11 क्विंटल उत्पादन होता था, वहीं अब 15 से 17 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन मिलने लगा है। इससे किसान को प्रतिवर्ष लगभग 1.20 लाख से 1.30 लाख रुपये तक की आय प्राप्त हो रही है। इसके साथ ही किसान द्वारा खेत के छोटे हिस्से में टमाटर, मिर्च, भटे एवं भिंडी जैसी सब्जियों की खेती भी की जा रही है, जिससे लगभग 40 से 50 हजार रुपये अतिरिक्त आय अर्जित हो रही है। हितग्राही ने बताया कि मनरेगा के तहत बने इस तालाब ने उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। बढ़ी हुई आय के कारण अब वे अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिला पा रहे हैं तथा परिवार का जीवन स्तर भी बेहतर हुआ है। ग्राम पंचायत बहेगांव का यह मीनाक्षी तालाब आज क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन चुका है और यह दर्शाता है कि मनरेगा योजना ग्रामीण आजीविका सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# चांगोटोला में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया जल गुणवत्ता जांच प्रशिक्षण..

## एफ्टीके किट से सीखी पानी की जांच, मौके पर किए गए पेयजल नमूनों के परीक्षण

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट विकासखंड के ग्राम पंचायत भवन चांगोटोला में 14 मई 2026 को 'जल गंगा संवर्धन' गतिविधि अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (क्क॥श्व) बालाघाट द्वारा चरेगांव एवं चांगोटोला सेक्टर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एफ्टीके***







(फील्ड टेस्टिंग किट) प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम स्तर पर पेयजल गुणवत्ता की निगरानी को मजबूत करना एवं स्वच्छ पेयजल के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

प्रशिक्षण ब्लॉक समन्वयक श्रुति डहाटे द्वारा दिया गया, जिसमें चरेगांव एवं चांगोटोला सेक्टर की 61 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा सेक्टर सुपरवाइजरों ने भाग लिया। इस दौरान हरीश झा, शीतल मिश्रा, फ्नीश रंगारे एवं रानी सिंह राजपूत द्वारा सभी 61 कार्यकर्ताओं की एफ्टीके यूजर आईडी भी बनाई गई। कार्यक्रम के दौरान लाइव डेमो के माध्यम से आंगनवाड़ी एवं स्कूलों से लाए गए पानी के नमूनों की मौके पर ही एफ्टीके किट से जांच कराई गई। कार्यकर्ताओं को प्रत्यक्ष रूप से बताया गया कि पानी में घुले विभिन्न तत्वों की पहचान किस प्रकार की जाती है। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से पानी के श्व॥ मान, फ्लोराइड, आयरन तथा कठोरता (हार्डनेस) की जांच करना सिखाया गया। महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक अनामिका जैन ने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र के पेयजल स्त्रोतों की वर्ष में कम से कम दो बार, मानसून पूर्व एवं मानसून पश्चात, अनिवार्य रूप से जांच करें। प्रशिक्षण के बाद आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने स्वयं रुचि लेकर अपने-अपने केंद्रों से लाए गए पेयजल स्त्रोतों की जांच की। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल से ग्राम स्तर पर जल गुणवत्ता की निगरानी मजबूत होगी तथा आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों एवं गांवों में बच्चों और नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड कार्यालय बालाघाट से शीतल मिश्रा एवं हरीश झा, उपखंड स्तर से ब्लॉक समन्वयक रानी सिंह राजपूत, श्रुति डहाटे एवं फ्नीश रंगारे उपस्थित रहे। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक श्रीमती अनामिका जैन एवं श्रीमती पुस्तकला वासनिक की सहभागिता रही। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी शैलेन्द्र चौकसे का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# एकलव्य विद्यालय उकवा में विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित

जगप्रेरणा उकवा।

***राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय उकवा मे शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फ्र्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की गई हैं।***

विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी सूचना के अनुसार दवाई एवं मेडिकल सामग्री, विज्ञान प्रयोगशाला सामग्री, सब्जी सामग्री, प्लम्बिंग सामग्री, फ्ल सामग्री, किराना सामग्री, इलेक्ट्रिकल सामग्री, दैनिक उपयोग की सामग्री, बाल कटिंग, बेकरी एवं स्वीट सहित खाली तेल के डिब्बों एवं पुराने समाचार पत्र (रद्दी) आदि क्रय किए जाएंगे। निविदा प्रपत्र 13 मई 2026 प्रातः 10 बजे से विद्यालय कार्यालय के कार्यदिवसों में उपलब्ध रहेंगे। इच्छुक फ्र्म एवं आपूर्तिकर्ता विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट द्धह्लह्लश्चह्य://द्गद्बह्म्ह्यह्वद्म-2ड्डद्धड्डद्यड्डद्दद्धड्डह्ल.द्बठ्ठ/ से भी निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 29 मई 2026 प्रातः 11 बजे तक निर्धारित की गई है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें विद्यालय की वेबसाइट अथवा कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विद्यालय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। विद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई कोरीगेंडम अथवा एडेंडम जारी किया जाता है, तो उसकी सूचना विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रकाशित की जाएगी।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें.. मो. 9329033433

# 2548 किसानों से 73 हजार 863 क्विंटल गेहूँ की हुई खरीदी..

## किसानों को 11.58 करोड़ रुपये का हुआ भुगतान..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत बालाघाट जिले में 13 केन्द्रों पर किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जा रही है।***

समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए जिले के 4388 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। 14 मई तक जिले के 2548 किसानों से 73 हजार 863 क्विंटल गेहूं की समर्थन मूल्ये पर खरीदी की जा चुकी है। किसानों को 11 करोड़ 58 लाख रुपये से अधिक की राशि का भुगतान कर दिया गया है और यह राशि उनके बैंक खाते में पहुंच गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर ने बताया कि बालाघाट जिले में समर्थन मूल्या पर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन कराने वाले 4388 किसानों में से 2912 किसानों ने गेहूँ विक्रय के लिए अपना स्लाट बुक कराया है। जिले के सभी 13 केंद्रो पर 15 अप्रैल 2026 से गेहूं की खरीदी की जा रही है। इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य बोनस सहित 2625 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित है। सभी खरीदी केन्द्रों पर किसानों को किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए छाया, पानी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थो की गई है। जिला प्रशासन द्वारा किसानों से निर्धारित समय पर केंद्रों में पहुंचकर अपनी उपज विक्रय करने की अपील भी की गई है, ताकि खरीदी प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके।

# 835 किसानों से 9.20 करोड़ रुपये से अधिक की हुई चना खरीदी..

## 14 मई तक 15 हजार 669 क्विंटल चना की हुई खरीदी

जगप्रेरणा बालाघाट।

***किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने तथा दलालों एवं बिचौलियों के शोषण से बचाने के उद्देश्य से प्रदेश शासन द्वारा रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर चना खरीदी की व्यवस्था की गई है। बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर चना उपार्जन के लिए***

गोदाम स्तर पर 08 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं, जहां किसानों से निर्धारित दर पर चना खरीदा जा रहा है। उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि जिले में 14 मई 2026 तक कुल 835 किसानों से 09 करोड़ 20 लाख 55 हजार 375 रुपये का 15 हजार 669 क्विंटल चना खरीदा जा चुका है। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर चना विक्रय के लिए जिले के कुल 2609 किसानों ने पंजीयन कराया है। जिले में चना खरीदी का कार्य 30 मार्च 2026 से प्रारंभ किया गया है तथा किसानों से 5875 रुपए प्रति क्विंटल की दर से चना खरीदा जा रहा है।

शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समर्थन मूल्य पर चना खरीदी 28 मई 2026 तक जारी रहेगी। अब चना की खरीदी शनिवार को भी की जायेगी। उपसंचालक कृषि श्री मालवीय ने बताया कि पंजीकृत किसान चना विक्रय के लिए अंतिम तिथि से 10 दिन पूर्व तक स्लॉट बुक करा सकते हैं। अब तक 1552 किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर चना विक्रय के लिए स्लॉट बुक कराया जा चुका है।

किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर स्लॉट बुक कर अपनी उपज का विक्रय करें। प्रशासन द्वारा खरीदी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

# अब शनिवार को भी होगी समर्थन मूल्य पर चना खरीदी..

## सोमवार से शनिवार तक खुले रहेंगे खरीदी केंद्र

जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रदेश शासन ने किसानों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए अब शनिवार को भी समर्थन मूल्य पर चना एवं सरसों की खरीदी करने के निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।***

अब तक समर्थन मूल्य पर चना एवं सरसों खरीदी योजना अंतर्गत खरीदी केंद्रों पर सप्ताह में केवल पांच दिन, सोमवार से शुक्रवार तक ही खरीदी की जाती थी। किसानों की सुविधा एवं उपज विक्रय प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाने के उद्देश्य से शासन ने खरीदी अवधि बढ़ाकर सप्ताह में छह दिन करने का निर्णय लिया है।

नई व्यवस्था के अनुसार अब सोमवार से शनिवार तक समर्थन मूल्य पर चना एवं सरसों की खरीदी की जाएगी। शासन के इस निर्णय से किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा तथा खरीदी केंद्रों पर भीड़ कम होने में मदद मिलेगी। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों से निर्धारित स्लॉट एवं समयानुसार खरीदी केंद्रों पर पहुंचकर अपनी उपज विक्रय करने की अपील की है, ताकि खरीदी कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके।

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को.. बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।**

# मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार वर्ष 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित..

## आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई तक

जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रदेश में शासकीय कार्यप्रणाली में नवाचार, सुशासन और जनसेवा के उत्कृष्ट प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा 'मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार' (नवाचार हेतु) वर्ष 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।***

सामान्य प्रशासन विभाग ने जानकारी दी कि यह पुरस्कार मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों, विभागाध्यक्ष कार्यालयों तथा उनके अधीन कार्यरत निगम, मंडल, बोर्ड एवं संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारियों को उनके नवाचार आधारित उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा।

यह पुरस्कार 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 की अवधि में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिये प्रदान किये जायेंगे। ऐसे कार्य जिनसे प्रशासनिक कार्यप्रणाली, सेवा प्रदाय व्यवस्था अथवा जनहित में सकारात्मक और प्रभावी परिवर्तन आया हो।

÷मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार÷ के अंतर्गत नागरिक सेवा प्रदाय, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सुशासन, शिक्षा एवं मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण, अधोसंरचना, सामाजिक समावेश एवं सशक्तिकरण, रोजगार एवं आर्थिक विकास जैसे प्रमुख कार्यक्षेत्रों में किए गए नवाचारों को सम्मानित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार की संख्या 15 होगी। प्रत्येक पुरस्कार के लिए 1 लाख रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा। किसी एक कार्यक्षेत्र में एक से अधिक शासकीय सेवक पात्र पाए जाने पर पुरस्कार राशि समान रूप से वितरित की जाएगी।

ऑनलाइन आवेदन 15 जुलाई 2026 किये जा सकेंगे। पुरस्कार से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश एवं आवेदन प्रक्रिया विभाग की वेबसाइट ड्ड2ड्डह्म्स्रह्य.द्वश्च.द्दश1.द्बठ्ठ पर उपलब्ध है।









जग प्रेरणा
वारासिवनी कटंगी
● कायदी ● डोंगरमाली ● रामपायली ● खैरलांजी ● तिरोड़ी ● बोनकट्टा ● महकेपार
शुक्रवार 15 मई 2026




दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900

# ग्राम बोनकट्टा में विधायक गौरव सिंह पारधी ने किया विकास कार्यों का भूमि पूजन, संबल योजना के हितलाभ पत्र वितरित..

जगप्रेरणा तिरोड़ी।

***कटंगी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बोनकट्टा में विकास कार्यों को नई गति देते हुए विधायक गौरव सिंह पारधी की उपस्थिति में 25 लाख की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन एवं 13 लाख की लागत से बनने वाली सी.सी. रोड***

का विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## संबल योजना से श्रमिक परिवारों को मिल रही सुरक्षा

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को सहायता राशि के हितलाभ पत्र भी वितरित किए गए। योजना के तहत दुर्घटना मृत्यु पर 4 लाख, सामान्य मृत्यु पर 2 लाख तथा अंत्येष्टि सहायता हेतु 5000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। विधायक पारधी ने कहा कि संबल योजना श्रमिक परिवारों के लिए सुरक्षा कवच के रूप में कार्य कर रही है और सरकार हर जरूरतमंद परिवार के साथ खड़ी है।

## विकास कार्यों से ग्रामीण सुविधाओं को मिलेगा विस्तार - गौरव पारधी

इस अवसर पर विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है। सामुदायिक भवन के निर्माण से सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बेहतर मंच मिलेगा, वहीं सी.सी. रोड निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांव, गरीब और श्रमिक वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## आत्मीय स्नेह, विश्वास और जनसमर्थन के बीच मनाया गया विधायक गौरव पारधी जी का जन्मदिन

कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा विधायक गौरव सिंह पारधी का जन्मदिन अत्यंत आत्मीयता और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पुष्पमालाओं एवं शुभकामनाओं के माध्यम से उन्हें दीर्घायु और सफल जनसेवा जीवन की बधाई दी। विधायक गौरव सिंह पारधी ने सभी नागरिकों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का यह स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद उनके लिए सबसे बड़ी ताकत है।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत कटंगी अध्यक्ष श्रीमती कविता अरविंद देशमुख, सरपंच श्रीमती भीमलता हांडके, जिला पंचायत सदस्य सुश्री प्रियंका परते, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री योगेश सोनवाने, पूर्व सरपंच श्री विजय कापगते, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता श्री प्रवीन अग्रवाल, श्री संतोष लोधी, श्रीमती जयश्री देरकर, श्रीमती पंचफुला देरकर, श्रीमती ओमलता गहाने, श्रीमती ज्योति देरकर, श्रीमती सिता मुर्ख, श्री किशोर हांडके, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष श्री मेष देशमुख, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष श्री प्रकाश सोनवाने, वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री मनोज मालाधारे एवं श्री जयरंजन बिझोडे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।


# खाद्य सुरक्षा विभाग ने बालाघाट और वारासिवनी में आइसक्रीम-कुल्फी एवं पेय पदार्थों के नमूने लेकर जांच पर भेजे..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***ग्रीष्मकालीन मौसम में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग बालाघाट द्वारा जिले में विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है।***







इसी क्रम में विभागीय टीम ने बालाघाट शहर एवं वारासिवनी क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए।

कार्रवाई के दौरान बालाघाट के हनुमान चौक, काली पुतली एवं मेन रोड स्थित सांवरिया आइसक्रीम कुल्फी सेंटर की जांच की गई। यहां से लस्सी, बादाम शेक एवं फालूदा के नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। निरीक्षण के दौरान संचालकों को साफ-सुथरी खाद्य सामग्री विक्रय करने तथा खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन के साथ ही कारोबार संचालित करने के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा श्याम मॉल स्थित आम का रस सेंटर की भी जांच की गई, जहां से आम का रस एवं दूध के नमूने लिए गए। वहीं वारासिवनी में कृष्ण लस्सी एवं आइसक्रीम तथा भैरवनाथ आइसक्रीम एवं कुल्फी सेंटर का निरीक्षण कर बादाम शेक, लस्सी सहित अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए एकत्रित किए गए।

विभाग द्वारा कुल 10 नमूने लेकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए हैं, जहां उनकी गुणवत्ता एवं शुद्धता की जांच की जाएगी।

इसी कड़ी में चलित खाद्य प्रयोगशाला द्वारा कटंगी स्थित चौपाटी क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न फास्ट फूड, चाइनीज, पिज्जा, बर्गर आदि खाद्य पदार्थों के 25 नमूनों का स्पॉट परीक्षण किया गया तथा दुकानदारों एवं नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थों के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने बताया कि जिले में मिलावट पर अंकुश लगाने एवं आम नागरिकों को स्वच्छ एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## रेत के अभाव में मकान अधूरे

# मुन्नू दुबे की पहल रंग लाई : बालाघाट में रेत संकट समाधान की ओर, कलेक्टर स्तर पर बनी सहमति..

जगप्रेरणा रामपायली।

***लंबे समय से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण कार्यों और आम नागरिकों की दैनिक आवश्यकताओं के लिए रेत की उपलब्धता एक गंभीर समस्या बनी हुई है। गरीब परिवार अपने अधूरे मकानों,***

शौचालय निर्माण और अन्य जरूरी कार्यों के लिए रेत के अभाव में परेशान थे। इसी जनसमस्या को लेकर कृषक भारतीय संघ जिला बालाघाट के अध्यक्ष कुंजबिहारी ÷मुन्नू÷ दुबे ने लगातार संघर्ष करते हुए प्रशासनिक स्तर पर मजबूत पहल की, जिसका सकारात्मक परिणाम अब सामने आता दिखाई दे रहा है।

रेत संकट को लेकर श्री दुबे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन से मुलाकात कर ग्रामीणों की वास्तविक समस्याओं को प्रमुखता से रखा। प्रतिनिधिमंडल में संगठन के जिला उपाध्यक्ष संदीप बाघमारे, सरपंच फगुलाल मरठे, पंच उमाशंकर राणा सहित विभिन्न ग्रामों से पहुंचे जनप्रतिनिधि एवं हितग्राही शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर महोदय से मिलकर जिले में रेत की वैकल्पिक व्यवस्था शीघ्र लागू करने की मांग की। सूत्रों के अनुसार कलेक्टर कार्यालय में हुई बैठक में जिला खनिज विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें यह सहमति बनी कि आम नागरिकों और जरूरतमंद ग्रामीणों को जल्द राहत पहुंचाने हेतु प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। प्रशासन द्वारा रेत उपलब्धता को लेकर गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं और आने वाले समय में जिले में नियंत्रित एवं व्यवस्थित तरीके से रेत उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य तेज होने की संभावना है।




कृषक भारतीय संघ के अध्यक्ष मुन्नू दुबे ने बैठक के बाद कहा कि उनका उद्देश्य केवल गरीब और जरूरतमंद लोगों को राहत दिलाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान स्थिति में सबसे अधिक परेशानी उन ग्रामीण परिवारों को हो रही है जो सीमित संसाधनों के बीच अपने घरों का निर्माण कर रहे हैं। श्री दुबे ने मांग रखी कि मध्यप्रदेश सरकार वैकल्पिक व्यवस्था के तहत रेत घाटों के संचालन की जिम्मेदारी जिला प्रशासन को सौंपे, ताकि स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप पारदर्शी व्यवस्था बनाई जा सके। राजनीतिक और सामाजिक गलियारों में भी इस पहल को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में यह चर्चा तेज है कि यदि प्रशासन और संगठन के बीच इसी प्रकार समन्वय बना रहा तो बालाघाट में लंबे समय से चली आ रही रेत समस्या का स्थायी समाधान निकल सकता है। ग्रामीणों ने भी मुन्नू दुबे के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पहली बार किसी संगठन ने उनकी वास्तविक समस्या को गंभीरता से उठाकर प्रशासन तक प्रभावी तरीके से पहुंचाया है। अब लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक रेत उचित व्यवस्था के तहत उपलब्ध हो सकेगी।आम जनों ने अपनी संयुक्त राय में बताया कि रामपायली में हो रहे ठेकेदार के माध्यम से कामों के लिए बिना अनुमति अथवा बिना राजस्व के सैकड़ों ट्रकों रेत जहां तहां परिवहन कर डंप कर रखी गई है जिस पर वैधानिक कार्यवाही खनीज विभाग बनाम जिला प्रशासन ने आमजनों के समक्ष स्पष्ट नहीं किए जाने का असंतोष गहराता जा रहा है जिस पर वैधानिक कार्यवाही की जनापेक्षा अपेक्षित है?




# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर एसएसपी महाविद्यालय में राष्ट्रीय वेबीनार आयोजित

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***शासकीय एसएसपी महाविद्यालय वारासिवनी के रसायनशास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर 14 मई 2026, गुरुवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार की थीम* **"Practical and Creative Application of Scientific Knowledge"** *रखी गई।***





कार्यक्रम का शुभारंभ वर्चुअल सरस्वती वंदन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। यह वेबीनार महाविद्यालय की प्राचार्य सरिता कोल्हेकर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसे मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित किया गया था।

कार्यक्रम संयोजक एवं रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष मोहनीष इडपाचे ने बताया कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस प्रतिवर्ष 11 मई को मनाया जाता है। यह दिवस वर्ष 1998 में पोखरण में हुए सफल परमाणु परीक्षण और भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता की उपलब्धियों की याद दिलाता है। वेबीनार में दो मुख्य विषय विशेषज्ञों ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। प्रथम विशेषज्ञ के रूप में वसीम आर. शेख, सहायक प्राध्यापक, मुलजी जेठा कॉलेज ने विज्ञान को दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे प्रेशर कुकर, कूलर एवं एसी की कार्यप्रणाली से जोड़ते हुए वैज्ञानिक आधार पर समझाया। द्वितीय विशेषज्ञ के रूप में एन. नदीम अफ्रोज, सहायक प्राध्यापक, इस्लामिया कॉलेज वानियामबाडी ने वैज्ञानिक सृजनशीलता मॉडल के तीन प्रमुख आयामों रचनात्मक सोच, वैज्ञानिक ज्ञान एवं वैज्ञानिक जांच कौशल पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि केवल विचार और ज्ञान ही नहीं, बल्कि उन्हें परखने और सिद्ध करने की क्षमता ही वैज्ञानिक सृजनशीलता को पूर्ण बनाती है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में विभाग की सहायक प्राध्यापक सविता सेनवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं विभाग के सदस्य इमरान खान द्वारा प्रथम विशेषज्ञ का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर रसायनशास्त्र विभाग की अतिथि विद्वान नंदिनी टेंभरे, मोनिका सोनी एवं मनोज गजभिये सहित महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक एवं अतिथि विद्वान उपस्थित रहे।








दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

रवि अजीत किरनापुर
मो. 6261142145



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## नगर परिषद द्वारा निर्माण कार्यों के गुणवत्ता पर उठे सवाल..

**गुणवत्ता को लेकर पार्षद पूनम ने की शिकायत..**

जगप्रेरणा लांजी।

*नगर परिषद लांजी में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर सवालों का बवंडर खड़ा हो गया है। वार्ड क्रमांक 03 की पार्षद श्रीमती पूनम शरद असाटकर ने मुख्य नगरपालिका*





अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपते हुए नगर में बनाए गए डिवाइडरों एवं लगाए गए विद्युत पोलों की गुणवत्ता पर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई है। शिकायत में साफ तौर पर कहा गया है कि नगर परिषद के कई निर्माण कार्य समय से पहले ही दम तोड़ते नजर आ रहे हैं, जिससे जनता के पैसों के दुरुपयोग की बू आने लगी है। पार्षद श्रीमती पूनम आसटकर ने आरोप लगाया कि नगर में बनाए गए डिवाइडरों से लगातार कांक्रीट झड़ रहा है, कई स्थानों पर निर्माण सामग्री टूट रही है और डिवाइडरों की चौड़ाई आवश्यकता से अधिक होने के कारण वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदारों की चुप्पी लोगों को खटक रही है। उल्लेखनीय है की पार्षद पूनम शरद आसटकर इससे पहले भी वे लगातार नगर की समस्याओं को प्रमुखता से उठाती रही हैं। चाहे डिवाइडरों और सड़कों की अव्यवस्था का मामला हो उन्होंने कई जनहित के मुद्दों पर खुलकर आवाज बुलंद की है। इस गंभीर मामले को लेकर विगत तीन माह पूर्व भी श्रीमती पूनम आसटकर शिकायत कर चुकीं है परंतु नगर परिषद के जिम्मेदारों द्वारा उनकी शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया गया और ठेकेदार को क्लीन चिट दे दी थी जिसका खामियाजा अब नगर की जनता को गुणवत्ताहीन निर्माण के रूप में उठाना पड़ेगा।

### विद्युत पोलों को लेकर भी गंभीर सवाल..

विद्युत पोलों की स्थिति को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। शिकायत के अनुसार कई पोलों के बेस से कांक्रीट उखड़ रहा है तथा उन्हें जकडने वाले बोल्ट बाहर दिखाई दे रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते सुधार कार्य नहीं हुआ तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

इस पूरे मामले में नगर परिषद में पदस्थ इंजीनियर की भूमिका पर भी तीखे सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इंजीनियर शायद ही कभी निर्माण स्थलों पर पहुंचकर निरीक्षण करते हों। ठेकेदार मनमर्जी से काम कर रहे हैं और तकनीकी निगरानी केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई है। यही वजह है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद निर्माण कार्य खोखले साबित हो रहे हैं।

### सीएमओ भी लगा रहे भ्रष्टाचार की गंगा में डूबकी..

नगर में यह चर्चा भी जोरों पर है कि नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को यहां का पानी बहुत कम समय में ही सूट कर गया है। लोगों का कहना है कि जिस सख्ती और जवाबदेही की उम्मीद की जा रही थी, वह धरातल पर दिखाई नहीं दे रही। उल्टा अब नगर परिषद के भीतर फैले भ्रष्टाचार के रंग में जिम्मेदार अधिकारी भी रंगते नजर आ रहे हैं।

निर्माण कार्यों की बदहाल स्थिति और लगातार उठते सवाल इस धारणा को और मजबूत कर रहे हैं। पार्षद ने मांग की है कि संपूर्ण निर्माण कार्यों की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए तथा लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों, इंजीनियर और संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में नागरिकों की सुरक्षा के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ न हो।

## जनपद की बैठक में नल-जल योजना, योजना से जुड़े बिजली बिल का मुद्दा गरमाया..

### सरपंच-सचिवों ने विद्युत विभाग की कार्य प्रणाली पर उठाए सवाल..





जगप्रेरणा लांजी।

*जनपद पंचायत लांजी के सभागृह में 13 मई को आयोजित बैठक में नल-जल योजनाओं से जुड़े बिजली बिलों का मुद्दा जमकर गूंजा। अनुविभागीय अधिकारी कमलचंद सिंहसार*

की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जनपद क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिवों ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि गलत और अनुमानित बिलों ने पंचायतों की आर्थिक व्यवस्था बिगाड़ दी है। कई पंचायतों ने आरोप लगाया कि जहां मीटर ही नहीं लगे हैं वहां भी भारी-भरकम बिल थमाए जा रहे हैं, जबकि कहीं वास्तविक खपत से कई गुना अधिक यूनिट जोड़ दी गई है। बैठक के दौरान ग्राम पंचायत आवा के प्रतिनिधियों ने बताया कि नल-जल योजना के अंतर्गत प्रतिमाह बिजली खपत से अधिक यूनिट जोड़कर बिल जारी किया जा रहा है। पंचायत का कहना था कि अनुमानित बिलों के कारण 10 हजार रुपये से लेकर 1 लाख रुपये तक अतिरिक्त राशि का बोझ डाला जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए तत्काल जांच और सुधार की मांग की। वहीं ग्राम पंचायत बिंझलगांव के सरपंच-सचिव ने बैठक में खुलासा किया कि पंचायत क्षेत्र में तीन स्थानों पर आज तक मीटर नहीं लगाए गए हैं, इसके बावजूद लगातार बिजली बिल भेजे जा रहे हैं। इतना ही नहीं, एक अन्य मीटर में फरवरी 2026 की रीडिंग अत्यधिक दर्ज कर दी गई, जिससे बिल अनाप-शनाप बढ़ गया। पंचायत प्रतिनिधियों ने सवाल उठाया कि जब वास्तविक रीडिंग का सत्यापन ही नहीं हो रहा तो ग्रामीण योजनाओं का संचालन कैसे संभव होगा। ग्राम पंचायत मोहारा ने भी अपनी परेशानी रखते हुए बताया कि पंचायत में कुल 8 विद्युत कनेक्शन हैं, जिनमें से केवल 5 में डिजिटल मीटर लगाए गए हैं। पंचायत का आरोप था कि डिजिटल मीटर लगाए जाने से पहले ही विभाग द्वारा लगभग 5 लाख रुपये का एवरेज बिल थमा दिया गया, जिससे पंचायत आर्थिक संकट में आ गई है। सरपंच-सचिवों का कहना था कि नल-जल योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजना बिजली बिलों की अव्यवस्था के चलते प्रभावित हो रही है और ग्रामीणों तक नियमित जलापूर्ति बनाए रखना मुश्किल होता जा रहा है। बैठक में ग्राम पंचायत बिसोनी, बहेला, टेमनी, भानेगांव, सहेकी, सांवरीखुर्द, बड़गांव क, ओटेकसा, कारंजा और अंधियाटोला सहित अन्य पंचायतों के प्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं सामने रखीं। अधिकांश पंचायतों ने गलत रीडिंग, बिना मीटर बिल जारी होने, एवरेज बिलिंग और सुधार आवेदन के बाद भी कार्रवाई नहीं होने जैसी शिकायतें दर्ज कराईं। बैठक के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों के तेवर काफी तल्ख नजर आए। कई सरपंचों ने कहा कि यदि बिजली विभाग द्वारा समय रहते बिलों का सत्यापन और सुधार नहीं किया गया तो पंचायतों के लिए नल-जल योजनाओं का संचालन करना मुश्किल हो जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में पहले ही पानी की समस्या बनी हुई है, ऐसे में बढ़ते बिजली बिल योजनाओं पर ÷दोहरी मार÷ साबित हो रहे हैं। अनुविभागीय अधिकारी कमलचंद सिंहसार ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को पंचायतों से प्राप्त शिकायतों का परीक्षण कर आवश्यक निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा गया कि जिन मामलों में रीडिंग या मीटर संबंधी त्रुटियां हैं, उनका परीक्षण कर उचित सुधार प्रक्रिया अपनाई जाए, ताकि ग्रामीण पेयजल योजनाएं प्रभावित न हों। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी कमलचंद सिंहसार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं लांजी अंकित सिंघई, विद्युत विभाग लांजी के कनिष्ठ अभियंता ललित मार्को, कारंजा से विश्वजीत शर्मा एवं भानेगांव विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बिना अनुमति बोरवेल खनन, मशीन जप्त कर कार्यवाही जारी

जगप्रेरणा लांजी।

*जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत बिसोनी में बिना अनुमति कराए जा रहे बोरवेल खनन पर प्रशासन की कार्रवाई ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।*





घरेलू उपयोग के नाम पर चल रहे। इस बोर खनन कार्य में न तो विभागीय अनुमति ली गई थी और न ही नियमों का पालन किया गया, बावजूद इसके बोरवेल मशीन मौके तक पहुंच गई और खनन शुरू भी हो गया। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर बोरवेल मशीन संचालक अनुमति पत्र देखे बिना काम शुरू कैसे कर देते हैं? जानकारी के अनुसार बिसोनी निवासी बुधराम पिता जैपाल देवगड़े के घर पर भवानी बोरवेल गोपालपुर, किरनापुर की मशीन क्रमांक एमपी 50 जेड ई 9779 से बोर किया जा रहा था। शिकायत मिलने पर तहसीलदार संजय बारस्कर मौके पर पहुंचे और बिना अनुमति बोर खनन पाए जाने पर मशीन को जब्त कर थाने पहुंचाया गया।

तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि मामले में आगे की कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी स्तर से की जाएगी। इधर कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन की सख्ती का वास्तविक खौफ होता तो बोरवेल मशीन संचालक बिना अनुमति दस्तावेज देखे मशीन लेकर मौके पर पहुंचने की हिम्मत ही नहीं करते। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या ऐसे मामलों में केवल जुर्माना लगाकर खानापूर्ति कर दी जाएगी, या फिर किसी मशीन को राजसात कर प्रशासन सख्त संदेश देगा ताकि नियमों को हवा में उड़ाने वालों पर लगाम लग सके। गौरतलब है कि क्षेत्र में लगातार गिरते भू-जल स्तर के बीच बिना अनुमति बोर खनन गंभीर चिंता का विषय बन चुका है।

इसके बावजूद कई स्थानों पर नियमों को ताक पर रखकर रात-दिन बोर खनन की शिकायतें सामने आती रहती हैं। ऐसे में अब लोगों की निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिक गई हैं कि यह कार्रवाई केवल कागजी साबित होगी या फिर वास्तव में नियम तोड़ने वालों पर नकेल कसने वाली मिसाल बनेगी।

## सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित 12 वीं के परिणाम में, वेद अग्रवाल ने पाया 95.4 प्रतिशत..

### लांजी का नाम किया रोशन..

जगप्रेरणा लांजी।

*केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) द्वारा घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम 2026 में कृष्णा पब्लिक स्कूल, भिलाई के छात्र वेद अग्रवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं परिवार का नाम गौरवान्वित किया है।*

बता दे कि वेद अग्रवाल लांजी के प्रतिष्ठित व्यापारी दीपक अग्रवाल के पुत्र है. आपने सीबीएसई 12 वी मे शानदार प्रदर्शन कर सम्पूर्ण लांजी क्षेत्र का नाम गौरवांवित किया है. उल्लेखनीय है कि वाणिज्य संकाय के छात्र वेद अग्रवाल ने अकाउंटेंसी में 99 अंक, अंग्रेजी में 90 अंक, बिजनेस स्टडीज में 96 अंक, फाइनेंशियल मार्केट मैनेजमेंट में 92 अंक प्राप्त किए। इसके साथ ही हिंदुस्तानी म्यूजिक वोकल में 100 अंक हासिल कर विशेष उपलब्धि दर्ज की है। वेद के इस शानदार सफलता से परिवार एवं विद्यालय में खुशी का माहौल है। वेद की इस उपलब्धि पर पिता दीपक अग्रवाल, माता रेखा अग्रवाल, बहन हर्षिका अग्रवाल, दादी पुष्पा अग्रवाल, चाचा-चाची ललित एवं श्वेता अग्रवाल सहित भवी अग्रवाल, और राघव अग्रवाल तथा नाते रिश्तेदारों, ईष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। वहीं विद्यालय के शिक्षकों हरमीत मैम एवं आकाश सर ने भी वेद को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन का यह परिणाम है। वेद ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं नियमित अध्ययन को दिया। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास, समय प्रबंधन और लगातार मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है. विद्यालय प्रबंधन ने भी अग्रवाल की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।



## 30 मई तक चलेगा मकान सूचीकरण का कार्य, मकान सूचीकरण का 73 प्रतिशत कार्य पूर्ण..

### मलाजखंड में मकान सूचीकरण का 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण..

जगप्रेरणा मलाजखंड।

राष्ट्रीय जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत कलेक्टतर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार जिले में मकान सूचीकरण का कार्य 01 मई से प्रारंभ किया गया है, जो 30 मई तक चलेगा। मकान सूचीकरण के लिए जिले में 2985 हाउसलिस्टिंग ब्लॉक बनाए गए हैं। इनमें से 2180 हाउस लिस्टिंग ब्लागक में मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस प्रकार जिले में मकान सूचीकरण का 73 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री डी पी बर्मन ने बताया कि जिले में 01 मई से मकान सूचीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया है। इसमें 15 मई तक 70 प्रतिशत एवं 20 मई तक 100 प्रतिशत मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण करना है। नगर पालिका मलाजखंड द्वारा 14 मई को ही मकान सूचीकरण का 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है और बालाघाट जिले में 14 मई तक 73 प्रतिशत मकान सूचीकरण का कार्य कर लिया गया है। जनगणना के लिए जिले में कुल 18 चार्ज क्षेत्र बनाये गए है, इनमें 12 तहसील एवं 06 नगरीय निकाय शामिल है। चार्ज क्षेत्र कटंगी ग्रामीण के 129 एचएलबी (हाउस लिस्टींग ब्लॉक) में से 118 एचएलबी में मकान सूचीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसी प्रकार चार्ज क्षेत्र तिरोडी में 141 एचएलबी में से 104, वारासिवनी ग्रामीण में 208 में से 148, खैरलांजी में 226 में से 133, लालबर्रा में 285 में से 233, बालाघाट ग्रामीण में 214 में से 122, लामता में 110 में से 66, किरनापुर में 314 में से 237, बैहर ग्रामीण में 243 में से 206, बिरसा में 256 में से 200, परसवाडा में 235 में से 169, लांजी ग्रामीण में 337 मे से 232 एचएलबी में मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। नगरीय क्षेत्रो में कटंगी के 25 एचएलबी में से 24, वारासिवनी के 42 मे से 24, बालाघाट के 122 मे से 76, बैहर के 29 में से 25, मलाजखंड के 50 में से 50, लांजी के 19 में से 13 एचएलबी में मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

### नागरिकों से क्या पूछा जा रहा है..

मकान सूचीकरण के दौरान प्रगणक नागरिकों से कुछ सामान्य और बुनियादी जानकारियां प्राप्त करेंगे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैंः भवन की स्थिति और परिवार के सदस्यों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, बुनियादी सुविधाएं जैसे नल कनेक्शन, बिजली, शौचालय/बाथरूम और गैस कनेक्शन, घरेलू संपत्ति जैसे रेडियो/टीवी, केबल कनेक्शन, साइकिल/मोटर साइकिल/कार, परिवार द्वारा उपयोग किया जाने वाला मुख्य अन्न, इंटरनेट, मोबाइल आदि शामिल है।

### क्या साझा न करें..

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनगणना कार्य के दौरान प्रगणक नागरिकों से किसी भी प्रकार के संवेदनशील दस्तावेज या निजी वित्तीय जानकारी की मांग नहीं करेंगे। नागरिक ध्यान रखें कि प्रगणकों द्वारा आधार कार्ड नंबर, पैन कार्ड नंबर या बैंक विवरण नहीं पूछा जाएगा। किसी भी प्रकार का ओटीपी साझा करने की आवश्यकता नहीं है। प्रगणक के घर पहुंचने पर नागरिक अपनी संतुष्टि के लिए उनका आधिकारिक पहचान पत्र अवश्य चेक करें। जिले के नागरिकों से अपील की गई है कि वे प्रगणकों को सही और सटीक जानकारी प्रदान करें। उन्होंने कहा,'जनगणना के आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी नीतियों की आधारशिला होते हैं। इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में हर नागरिक का सक्रिय सहयोग अनिवार्य है।' सभी प्रगणक निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने क्षेत्रों में डिजिटल डेटा फीडिंग का कार्य पूर्ण करेंगे।

## शासकीय जे. एस. टी. पी. जी. कॉलेज में 'भूमि प्लस टी-4' मृदा सुधारक का शुभारंभ..

### कृषि नवाचार, अनुसंधान एवं उद्योग समन्वय का बना उत्कृष्ट उदाहरण..







जगप्रेरणा बालाघाट।

शासकीय जे.एस.टी.पी.जी. कॉलेज के आईक्यूएसी प्रकोष्ठ द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर 'भूमि प्लस टी-4' मृदा सुधारक का सफल शुभारंभ किया गया। यह नवाचारपूर्ण उत्पाद सीके लाक इंडस्ट्री एवं महाविद्यालय के संयुक्त सहयोग से विकसित किया गया है।

'भूमि प्लस टी-4' का निर्माण डॉ. दुर्गेश अगासे एवं उनकी टीम द्वारा किया गया, जिसमें श्रीमती सृष्टि तुरकर, हर्ष हितेंद्र तिवारी, माधवी बिसेन एवं शीफा खान का महत्वपूर्ण योगदान रहा। टीम ने उत्पाद के अनुसंधान, विकास एवं प्रस्तुतीकरण में सक्रिय भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रो. डी.के. राणा रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक कृषि में मृदा स्वास्थ्य अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा ऐसे नवाचार किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे। विशिष्ट अतिथि एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. उत्तम बिसेन ने कृषि नवाचार, मृदा प्रबंधन और वैज्ञानिक तकनीकों के महत्व पर प्रकाश डाला।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत औद्योगिक संस्थानों की भागीदारी एवं रोजगार के अवसरों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में डॉ. सीमा श्रीवास्तव, डॉ. पी.एस. कातुलकर, डॉ. प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, डॉ. एम.एस. मरकाम, डॉ. प्रवीण कौशले, डॉ. तारा सिंगराम एवं डॉ. अनिल झरबड़े सहित अनेक प्राध्यापक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर तीन महत्वपूर्ण पुस्तकों – **Te&tbook of Biostatistics, Bioinformatics and Computational Biology** तथा **Introduction to Soil Science with Practical Manual** का विमोचन भी किया गया। इन पुस्तकों के लेखक डॉ. दुर्गेश अगासे, डॉ. तनुश्री अगासे, हर्ष तिवारी, सुधी मुस्कान वैद्य, अमन राहंगडाले, सृष्टि तुरकर, शीफा खान एवं माधवी बिसेन हैं। पुस्तक विमोचन ने शैक्षणिक एवं अनुसंधान गतिविधियों को नई दिशा देने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में सीके लाक इंडस्ट्री के प्रतिनिधि एवं उद्योगपति श्री प्रवीण पारधी ने 'भूमि प्लस टी-4' की विशेषताओं एवं किसानों को होने वाले लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मृदा सुधारक मिट्टी की गुणवत्ता बढ़ाने, पौधों की जड़ों के विकास को प्रोत्साहित करने तथा कृषि उत्पादकता में वृद्धि करने में सहायक है।तथा

कार्यक्रम में जिले के प्रगतिशील किसान कुँवर बिसेन, विशाल कटरे, सुनील दत्त खरगाल एवं भीकम चंद चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। किसानों ने कृषि नवाचार, मृदा संरक्षण एवं जैविक उर्वरकों के उपयोग पर अपने अनुभव साझा किए।

इसके साथ ही एम.पी. सेट में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह एवं प्रेरणा का संचार हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह आयोजन शिक्षा, अनुसंधान एवं उद्योग के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर क्षेत्रीय कृषि विकास एवं किसानों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..
Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433

जग प्रेरणा
# साहित्य / अभिव्यक्ति
● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## डिजिटल युग में भारत का निर्णायक मोड़– प्रोहिबिटेड अनलेस परमिटेड सिद्धांत बनाम परमिटेड अनलेस प्रोहिबिटेड सिद्धांत से उभरता नया भारत –व्यापक समग्र विश्लेषण..

गोंदिया- वैश्विक स्तरपर इक्कीसवीं सदी का तीसरा दशक वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए केवल तकनीकी परिवर्तन का दौर नहीं,बल्कि शासन, व्यापार और विकास की अवधारणाओं के पुनर्निर्माण का काल बन चुका है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता,डिजिटल गवर्नेंस, डेटा-आधारित निर्णय प्रणाली, ऑटोमेशन,रोबोटिक्स, इंडस्ट्री 4.0 और ग्लोबल सप्लाई चेन के पुनर्गठन ने दुनिया के सामने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब वही राष्ट्र भविष्य की आर्थिक शक्ति बनेंगे, जो परिवर्तन को केवल स्वीकार नहीं करेंगे,बल्कि उसे तीव्र गति से संस्थागत रूप देंगे। आज वैश्विक प्रतिस्पर्धा केवल प्राकृतिक संसाधनों या पारंपरिक औद्योगिक उत्पादन पर आधारित नहीं रही, बल्कि यह उस क्षमता पर निर्भर हो गई है जिसके माध्यम से कोई देश अपने प्रशासनिक ढांचे, नियामकीय प्रणाली और नवाचार संस्कृति को तेजी से आधुनिक बना सके। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि यही कारण है कि अमेरिका,चीन,दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, जापान और यूरोपीय अर्थव्यवस्थाएं लगातार अपने प्रशासनिक मॉडल को फैसिलिटेटर स्टेट में परिवर्तित कर रही हैं, जहाँ सरकार नियंत्रणकर्ता कम और सक्षम बनाने वाली संस्था अधिक बनती जा रही है। इसी वैश्विक पृष्ठभूमि में भारत भी एक ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा दिखाई देता है,जहाँ वह लाइसेंस राज की पुरानी मानसिकता से बाहर निकलकर विश्वास आधारित शासन की नई अवधारणा को संस्थागत रूप देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। 11 से 12 मई 2026 को आयोजित सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा द्वारा दिया गया वक्तव्य केवल एक प्रशासनिक सुधार की घोषणा नहीं था, बल्कि यह भारत की भविष्य की आर्थिक दर्शनशास्त्र का संकेत भी था। इंस्टीट्यूशनलाइजिंग रिफॉर्म, बिल्डिंग द स्ट्रक्चरल फ़ाउंडेशन फॉर इंडिया' फ्यूचर इकॉनमी विषय पर बोलते हुए उन्होंने जिस परमिटेड अनलेस प्रोहिबिटेड मॉडल की चर्चा की, वह वस्तुतःभारत कीनियामकीय मानसिकता में क्रांतिकारी परिवर्तन का प्रतीक है। दशकों तक भारत की आर्थिक प्रणाली प्रोहिबिटेड अनलेस परमिटेड सिद्धांत पर चलती रही, अर्थात किसी भी व्यापारिक गतिविधि, उद्योग, सेवा या निवेश को प्रारंभ करने से पहले सरकारी अनुमति लेना आवश्यक माना जाता था। इससे उद्यमिता, नवाचार और उत्पादन क्षमता पर भारी दबाव बना रहता था। अब पहली बार भारत का नीति-निर्माण तंत्र यह स्वीकार करता दिखाई दे रहा है कि हर गतिविधि को पहले संदेह की दृष्टि से देखने के बजाय उसे स्वाभाविक रूप से अनुमति प्राप्त मानना चाहिए, जब तक कि वह स्पष्ट रूप से कानून द्वारा प्रतिबंधित न हो। यह परिवर्तन केवल भाषाई नहीं, बल्कि आर्थिक स्वतंत्रता और प्रशासनिक सोच के पुनर्जन्म का संकेत है।

साथियों बात अगर हम विश्व इकोनॉमी की करें तो आज का विश्व स्पीड इकॉनमी का विश्व बन चुका है। डिजिटल इन्नोवेशन पल-पल परिस्थितियों को बदल रहा है। जिस तकनीक को विकसित होने में पहले एक दशक लगता था, वह अब कुछ महीनों में वैश्विक बाजार का स्वरूप बदल देती है। ऐसे समय में यदि कोई देश अभी भी अनुमति, फाइल, क्लियरेंस और लाइसेंस की जटिल प्रक्रिया में उलझा रहेगा, तो वह वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पीछे छूट जाएगा। यही कारण है कि भारत अब अपनी नीतियों को कंट्रोल एंड रेगुलेशन से फैसिलिटेशन एंड ट्रस्ट की ओर ले जाने का प्रयास कर रहा है। राजीव गौबा ने रेगुलेटरी कोलेस्ट्रॉल शब्द का उपयोग करते हुए इस समस्या को बेहद प्रभावी ढंग से परिभाषित किया। जैसे शरीर में बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल रक्त प्रवाह को बाधित कर देता है, वैसे ही अत्यधिक नियम, अनावश्यक लाइसेंस, बार-बार नवीनीकरण और निरीक्षण आर्थिक गतिविधियों की गति को रोक देते हैं। भारत लंबे समय तक इसी ÷नियामकीय कोलेस्ट्रॉल÷ से जूझता रहा। उद्योगों को व्यापार शुरू करने के लिए दर्जनों विभागों से अनुमति लेनी पड़ती थी। छोटे और मध्यम उद्योगों का बड़ा हिस्सा अनुपालन और लाइसेंसिंग के बोझ तले दबा रहता था। परिणामस्वरूप उद्यमिता की ऊर्जा उत्पादन या नवाचार में लगने के बजाय प्रशासनिक प्रक्रियाओं में सटीकता से नष्ट हो जाती थी।

साथियों, नीति आयोग द्वारा प्रस्तुत नया दृष्टिकोण इस पूरी संरचना को बदलने का प्रयास है। सरकार अब यह मान रही है कि उद्यमी अपराधी नहीं होते, बल्कि आर्थिक विकास के साझेदार होते हैं। जन विश्वास की अवधारणा इसी सोच का विस्तार है। यह वह विचार है जिसमें शासन नागरिकों और उद्योगों को संदेह की दृष्टि से नहीं, बल्कि भागीदार की तरह देखता है। इसी दिशा में 42,000 से अधिक अनुपालनों को हटाया जाना और लगभग 3,700 प्रावधानों का अपराधमुक्त किया जाना ऐतिहासिक कदम माना जा सकता है। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में इतने बड़े स्तर पर नियामकीय सरलीकरण केवल प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि आर्थिक संस्कृति में परिवर्तन का प्रतीक है। इससे यह संदेश जाता है कि सरकार अब उद्यमिता को नियंत्रित करने के बजाय प्रोत्साहित करना चाहती है।

साथियों, यह परिवर्तन केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक भी है। दशकों तक भारतीय प्रशासनिक प्रणाली ÷स्टेट नोज बेस्ट÷ के सिद्धांत पर आधारित रही। सरकार तय करती थी कि कौन क्या उत्पादन करेगा, कितना उत्पादन करेगा और किन शर्तों पर करेगा। उदारीकरण के बाद कुछ बदलाव अवश्य आए, लेकिन लाइसेंसिंग संस्कृति पूरी तरह समाप्त नहीं हुई। अब पहली बार भारत एक ऐसे मॉडल की ओर बढ़ रहा है जहाँ नागरिक और उद्योग को अधिक स्वतंत्रता दी जा रही है। यह उसी प्रकार का परिवर्तन है जैसा 1980 और 1990 के दशक में दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और चीन ने किया था, जहाँ सरकारों ने उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नियामकीय बाधाओं को कम किया और उत्पादन को वैश्विक बाजारों से जोड़ा।हालांकि केवल नियमों को सरल बना देना पर्याप्त नहीं होगा। राजीव गौबा ने जिस दूसरे महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर ध्यान दिलाया, वह है अनुसंधान एवं विकास यानी आर् एंड डी में निवेश।भारत आज भी अपने जीडीपी का केवल लगभग 0.7 प्रतिशत ही अनुसंधान और विकास पर खर्च करता है, जबकि विकसित अर्थव्यवस्थाएं 2 से 4 प्रतिशत तक निवेश करती हैं। इससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि भारत में निजी क्षेत्र का योगदान केवल लगभग 36 प्रतिशत है। यदि भारत को वास्तव में वैश्विक इनोवेशन हब बनना है, तो उसे केवल मैन्युफैक्चरिंग तक सीमित नहीं रहना होगा, बल्कि उसे तकनीकी नेतृत्व भी स्थापित करना होगा। सेमीकंडक्टर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, हरित ऊर्जा, बायोटेक्नोलॉजी और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में स्वदेशी तकनीक विकसित किए बिना कोई भी राष्ट्र दीर्घकालिक आर्थिक शक्ति कभी भी नहीं बन सकता।

साथियों, आज दुनिया उस दौर में प्रवेश कर चुकी है जहाँ तकनीकी आत्मनिर्भरता राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रश्न बन गई है। अमेरिका और चीन के बीच तकनीकी प्रतिस्पर्धा इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। ऐसे समय में भारत के लिए केवल विदेशी तकनीक का उपभोक्ता बने रहना पर्याप्त नहीं होगा। उसे अपनी बौद्धिक संपदा, अपने पेटेंट, अपनी डिज़ाइन क्षमता और अपने अनुसंधान संस्थानों को वैश्विक स्तर तक ले जाना होगा। इसके लिए उद्योग और शिक्षा जगत के बीच गहरा सहयोग आवश्यक होगा। भारत की बड़ी समस्या यह रही है कि विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों और उद्योगों के बीच समन्वय अपेक्षाकृत कमजोर रहा है। यदि भारत को वास्तव में ÷मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन हब÷ बनना है, तो यह दूरी कम करनी होगी।इसी प्रकारस्किलिंग का प्रश्न भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इंडस्ट्री 4.0 केवल मशीनों का युग नहीं, बल्कि अत्यधिक कुशल मानव संसाधन का युग है। यदि निर्माण क्षेत्र के केवल 20 प्रतिशत और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र के केवल 1 प्रतिशत श्रमिक ही औपचारिक रूप से प्रशिक्षित हैं, तो यह भारत की विकास यात्रा के सामने गंभीर चुनौती है। विश्व अर्थव्यवस्था तेजी से ऑटोमेशन, डिजिटल प्रोसेस और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग की ओर बढ़ रही है। ऐसे में बिना प्रशिक्षित कार्यबल के भारत अपनी जनसंख्या को जनशक्ति में परिवर्तित नहीं कर पाएगा। इसलिए उद्योग आधारित स्किलिंग मॉडल की आवश्यकता है, जिसमें प्रशिक्षण सीधे बाजार और तकनीकी जरूरतोंसटीकता से जुड़ा हो।

साथियों, भारत की वर्तमान स्थिति एक अवसर और चुनौती दोनों का मिश्रण है। अवसर इसलिए क्योंकि वैश्विक परिस्थितियां भारत के पक्ष में हैं। चुनौती इसलिए क्योंकि यदि यह अवसर चूक गया, तो आने वाले दशकों में प्रतिस्पर्धा और कठिन हो जाएगी। राजीव गौबा का यह कथन कि हर देश के पास मौके के पल होते हैं, और भारत आज उनमें से एक है वस्तुतः इसी वास्तविकता को दर्शाता है। इतिहास गवाह है कि कुछ क्षण ऐसे होते हैं जब सही नीतिगत निर्णय किसी राष्ट्र की दिशा बदल देते हैं। 1991 का आर्थिक उदारीकरण भारत के लिए ऐसा ही क्षण था। अब 2026 में विश्वास आधारित नियामकीय व्यवस्था की ओर बढ़ना एक नए आर्थिक युग की शुरुआत साबित हो सकता है।यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत की विकास रणनीति अब केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित नहीं रह सकती। सरकार अकेले आर्थिक महाशक्ति नहीं बना सकती। इसके लिए उद्योग, स्टार्टअप, विश्वविद्यालय, शोध संस्थान और नागरिक समाज सभी को साझेदार बनना होगा। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम पहले ही दुनिया में तीसरे स्थान पर पहुँच चुका है। डिजिटल भुगतान और फिनटेक क्रांति ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारतीय नवाचार वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकता है। अब आवश्यकता इस बात की है कि यही ऊर्जा मैन्युफैक्चरिंग, डीप टेक, हरित ऊर्जा और उन्नत अनुसंधान के क्षेत्रों में भी दिखाई दे।


साथियों, वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारत का यह परिवर्तन उस समय हो रहा है जब दुनिया की सप्लाई चेन पुनर्गठित हो रही हैं। कोविड-19 महामारी, रूस-यूक्रेन संघर्ष, अमेरिका- चीन व्यापार युद्ध और भू- राजनीतिक तनावों ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों को अपनी उत्पादन रणनीति बदलने के लिए मजबूर किया है। कंपनियां अब चाइना प्लस वन रणनीति पर काम कर रही हैं और ऐसे देशों की तलाश कर रही हैं जहाँ राजनीतिक स्थिरता, विशाल बाजार, कुशल जनशक्ति और डिजिटल अवसंरचना उपलब्ध हो। भारत के पास ये सभी कारक मौजूद हैं। राजीव गौबा ने सही कहा कि भारत के पास डेमोग्राफिक्र शक्ति, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, मार्केट स्केल और राजनीतिक प्रतिबद्धता का अनूठा संयोजन है। दुनिया की सबसे युवा आबादी, तेजी से बढ़ता मध्यम वर्ग, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस जैसी डिजिटल क्रांति, आधार आधारित पहचान प्रणाली, और विशाल उपभोक्ता बाजार भारत को वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहे हैं।किन्तु केवल संभावनाएं पर्याप्त नहीं होतीं। यदि प्रशासनिक ढांचा धीमा और जटिल रहेगा, तो निवेशक अन्य देशों की ओर चले जाएंगे। इसलिए परमिटेड अनलेस प्रोहिबिटेड मॉडल का वास्तविक उद्देश्य भारत को निवेश और नवाचार के लिए अधिक प्रतिस्पर्धी बनाना है। यह मॉडल उद्यमियों को परमिशन सीकिंग संस्कृति से बाहर निकालकर डूइंग बिजनेस संस्कृति की ओर ले जाता है। लंबे समय तक भारतीय उद्यमियों की ऊर्जा का बड़ा हिस्सा सरकारी अनुमतियों, निरीक्षणों और रिन्यूअल में खर्च होता रहा। अब सरकार यह व्यवस्था बनाना चाहती है कि जहाँ तक संभव हो, उद्योग स्वयं-प्रमाणन और थर्ड-पार्टी निरीक्षण के आधार पर कार्य करें, जबकि सरकार केवल उन क्षेत्रों में हस्तक्षेप करे जहाँ राष्ट्रीय सुरक्षा, स्वास्थ्य या गंभीर पर्यावरणीय जोखिम जुड़े हों।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि परमिटेड अनलेस प्रोहिबिटेड केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि शासन दर्शन का परिवर्तन है। यह नागरिक और राज्य के संबंधों को पुनर्परिभाषित करता है। यह बताता है कि सरकार का कार्य हर गतिविधि को नियंत्रित करना नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था बनाना है जिसमें नवाचार, उद्यमिता और आर्थिक गतिविधियां स्वाभाविक रूप से विकसित हो सकें। यदि यह मॉडल प्रभावी ढंग से लागू होता है, तो भारत न केवल व्यापार सुगमता की रैंकिंग में आगे बढ़ेगा, बल्कि वह वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक विश्वसनीय उत्पादन और नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित हो सकेगा।2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का भारत का सपना केवल जीडीपी के आँकड़ों से पूरा नहीं होगा। इसके लिए प्रशासनिक मानसिकता, नियामकीय संस्कृति और आर्थिक सोच में गहरे बदलाव आवश्यक होंगे। आज भारत उसी परिवर्तन के द्वार पर खड़ा दिखाई देता है। डिजिटल युग की तेज़ रफ्तार दुनिया में अब वही राष्ट्र आगे बढ़ेंगे, जो अपने नागरिकों और उद्यमियों पर भरोसा करेंगे, नवाचार को स्वतंत्रता देंगे और शासन को बाधा नहीं बल्कि सहयोगी बनाएंगे। भारत यदि इस दिशा में निरंतरता बनाए रखता है, तो आने वाले वर्षों में वह केवल दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था का एक केंद्रीय स्तंभ भी बन सकता है।

रचनाकार

एडव्होकेट किशन भगनानी गोंदिया


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 166



ck;I lI nk;I & 1) ग्राम सभा 4) भाग्य की परीक्षा करना अर्थवाला एक मुहावरा 10) एक ही उदर से उत्पन्न संतान 13) अवकाश, काम से छुट्टी 14) व्याकुल, बेचैन 15) शारीरिक या मानसिक स्फूर्ति, ताजा होने का भाव 17) सरकार चलानेवाला 18) विवाहीत स्त्रियों का एक व्रत 21) सहज, बिना परिश्रम के 23) पक्षाघात, शरीर के कुछ अंगो को सुन्न कर देनेवाला एक रोग 25) प्रमाण पत्र 26) प्रति वर्ष होनावाला 27) नमस्कार, प्रणाम 29) संग्रह, संचय, चुननेका कार्य 31) शोभायमान, अच्छी तरह से सजाया हुआ 32) जंगल, अरण्य 34) नाक, नासिका 35) पिकनिक, मौज मनोरंजन के लिए मिलजुलकर जाना 36) साहूकार का सहाय्यक 37) ..... मातरम् 38) चेहरा ढ़कने का रंगीन या जालीदार कपड़ा 39) थोड़े अक्षरों या शब्दों में कहा हुआ, ऐसा पद या वचन जो बहुत अर्थ प्रकट करता हो 41) साधारण, सामान्य, एक फल 42) पत्नि या पति की माता 44) राजा नहुष के पुत्र, जिनका विवाह शुक्राचार्य की पुत्री देवयानी के साथ हुआ था 46) भारी, तौला जानेवाला 48अ) वृषभानु गोप की कन्या, श्रीकृष्ण की सखी 49) निरीक्षण, देखरेख 51) लहर, चित्त की उमंग 52) लोहे, लकड़ी की लंबी सलाई 54) निर्णय, मत 56) सूर्य 57) मेहेरबानी,, कृपा 58) अज्ञानी, नासमझ 59) ग्रहण, पकड़ 60) संसार, दुनिया, लोक 61) घर, तीर्थक्षेत्र 64) जटा धारण करनेवाला 66) भाड़े की गाड़ी, सवार होने की क्रिया 68) गरुड 70) माता का अपनी संतान प्रति स्नेह 72) अन्य, दुसरा 73) विलक्षण बात, आफत 74) छाती 75) तागे के सहारे हवा में उड़नेवाला एक खिलौना 76) जंगल में लगी हुई आग 77) पराभूत होना 78) नाश करनेवाला 79) अपने केवल स्पर्श से लोहे को सुवर्ण बनानेवाला एक काल्पनिक पत्थर 80) मुद्रा ढालने का कारखाना 82) वृक्ष की डाल 84) नजरबंद किया हुआ 86) प्रतिज्ञा, दिया हुआ वचन 88) धब्बा, कलंक 90) वध, हत्या 92) शरीर का कोमलस्थान 93) स्त्री जाति 95) लक्ष्मी पति, विष्णु 96) छोटे छोटे महीन टुकड़ों में कटा हुआ मांस 98) प्रलय, हंगामा 101) स्तंभित, भौंचक्का 102) नीच मनुष्य 103) पैर से रौंदना, दबाना 104) मछली का कांटा जो गले में फंस जाता है, सहज न हटनेवाली आपत्ति 105) शैव संप्रदाय के वे साधु जो वस्त्र नहीं पहनते 106) एक कम दस की संख्या 108) उसी काल या समय का 109) सौ करोड़ रुपया 110) केश धोने का एक साधन

Åij lI uhp & 1) खरीददार, क्रेता 2) हर पांचवे वर्ष का 3) वृक्ष 4) अभिवादन, स्वीकृती (उर्दू) 5) हत्या, जान से मार डालना 6) सूर्य 7) ग्रहण, लेना 8) शंख, कपर्दिक, कौड़ी 9) कुटुम्ब की घनिष्ठता, लगाव, संबंध 10) सहोदर बहने 11) दस मुखवाला रावण 12) स्वादिष्ट, सुखद 16) संसार की जननी 19) भेजना, भेज देना 20) चौराहा, घर के बीच का स्थान 22) मांगने योग्य 24) श्रीकृष्ण का एक नाम 25) कारण, हेतू 27) सहित, समेत 28) भारतीय महासागर का वह अंश जो अरब और आफ्रिका के मध्य में पड़ता है और स्वेज नहर तक फैला है. 30) नरक की पीड़ा 33) सूत्र संचालन करनेवाला 35) समान, तुल्य, बराबर 40) राशी चक्र के सत्ताईस नक्षत्रों में से सोलहवां नक्षत्र 41) मुख्य आधार या सहारा 43) प्रशंसा करना, तारीफ 45) बाण चलानेवाला 47) भू स्वामित्व 48) मांसाहार न करनेवाला 50) इस वृक्ष के पत्ते कड़वें होते है 53) बेजोड़, जिसका कोई उत्तर न हो 55) मृत्यू देवता 59) शक्ति का रुप, माया, प्रकृति 62) बनने या बनाने का भाव, गढ़न 63) चीर स्थायी, जिसको मृत्यू न हो 65) इधर उधर व्यर्थ घूमना 66) शृंगार, सजावट 67) दानव, असूर 68) न गणना करने योग्य, तुच्छ 69) एक पौराणिक शस्त्र 70) लक्ष्मी, नारायण की शक्ति 71) हुकूमशाह, निरंकुश बादशाह 74) सैनिक, सिपाही आदि का विशिष्ट पहनावा 75) नाव चलाने का लकड़ी का बड़ा टुकड़ा 79) रोक, मजबुरी, अधिनता 81) सस्ता, अल्प मूल्य का 83) खन खन करके बजना 84) तर, गीला आर्द्र 85) विष्णु पत्नि, लक्ष्मी 87) बेटी का पति 88) गाय को दुहते समय पिछ्ले पांव में बांधी जानेवाली रस्सी 89) लोकशासीत राज्य 91) नूतन 92) अभिप्राय, विचार, आशय 94) खण्डित, कटकर अलग किया हुआ 97) वाक्य, प्रतिज्ञा, वादा 99) एक जल जीव जन्तु 100) हिम्मत, शौर्य 101) विवाह संबंध का निश्चय, मंगनी 103) रेल या बस स्टॅन्ड पर बोझ उठानेवाला 105) शहर का प्रवेशद्वार 107) 'दो' शब्द का छोटा रुप जो समस्त पदों के पहले जोड़ा जाता है. (जवाब अगले अंक में )

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

## व्यथा..

बगियाँ मेरी उजड़ रही है,
कैसे इसे सजाऊं मैं।
जड़ों को सींचना है मैंने,
नीर कहां से लाऊं मैं।।

फूल मुरझा रहे हैं मेरे,
बाग कैसे सजाऊं मैं ।
कली मेरी अभी खिली नहीं,
गुलदस्ता कैसे सजाऊं मैं।।

ममता मेरी तोड़ रही दम,
कैसे इसे निभाऊं मैं।
कलियों को अब मुस्कुराना,
कैसे सिखाऊं मैं।।

बनना है मशहूर उसे,
कैसे उसे बनाऊं मैं।
आंखों में जो सपने उसके,
कैसे पूरा कराऊं मैं।।
माटी मेरी अश्क बहाएं ,
कैसे उसे मनाऊं मैं।
जड़ों को सींचना है मैंने,
वो बेशकीमती नीर
कहां से लाऊं मैं।।

कवयित्री

श्रीमती ऋचा देशमुख

## ग़ज़ल..

दिल ने मेरे दिमाग़ को चलने नहीं दिया,
होंठों पे कोई गीत भी जमने नहीं दिया।

यूँ तो मेरे ख़याल का था रंग अलहदा,
लेकिन किसी मिजाज में ढलने नहीं दिया।

देखे है मैंने दौर
कुछ अच्छे बुरे मगर
लेकिन निगाह-ए-नूर
पे थमने नहीं दिया।

हर आंख घूरती रही,
क्या मैं अजीब था?
पर होसलो के काटकर
उड़ने नहीं दिया।

अफसोस ये रहा कि
जो अपने मिले मुझे,
संतोष को किसी ने
भी बढ़ने नहीं दिया।

लेखक

संतोष सिंह नैकाने,
गोंदिया महाराष्ट्र





# श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए सूर्यवंशी भारत 'ए' टीम में, तिलक करेंगे कप्तानी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*युवा बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी को नौ जून से श्रीलंका में शुरू हो रही 50 ओवर की त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए बृहस्पतिवार को भारत 'ए' टीम में शामिल किया गया।*



भारत और मेजबान श्रीलंका के अलावा टूर्नामेंट की एक अन्य टीम अफगानिस्तान 'ए' है। मैच दाम्बुला में खेले जाएंगे। भारत 'ए' गॉल में दो बहु दिवसीय (चार दिन के) 'टेस्ट' मैच भी खेलेगी लेकिन उसके लिए टीम की घोषणा बाद में की जाएगी। माना जा रहा है कि सूर्यवंशी को टीम में इसलिए शामिल किया गया है क्योंकि चयनकर्ता उन्हें भारत 'ए' टीम के साथ परखना चाहते हैं।

चयनकर्ता 26 जून से शुरू होने वाले ब्रिटेन (आयरलैंड और इंग्लैंड) दौरे के लिए सीनियर टीम में चुने जाने से पहले उन्हें आजमाना चाहते हैं। यह तीन देशों की श्रृंखला 21 जून को समाप्त होगी। भारत की 15 सदस्यीय टीम की औसत उम्र लगभग 23 साल है। केवल तेज गेंदबाज अरशद खान, युद्धवीर सिंह और यश ठाकुर ही ऐसे खिलाड़ी हैं जिनकी उम्र 25 साल से अधिक है। टीम में कोई भी खिलाड़ी 30 साल से अधिक का नहीं है और सभी ने विजय हजारे ट्रॉफी (राष्ट्रीय एकदिवसीय चैंपियनशिप) में अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके अलावा वे सभी आईपीएल में अनुबंधित भी हैं।

तिलक (मुंबई इंडियन्स) और उप कप्तान रियान पराग (राजस्थान रॉयल्स) के अलावा सूर्यवंशी (राजस्थान रॉयल्स), प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह, सूर्यांश शेडगे (सभी पंजाब किंग्स), हर्ष दुबे (सानराइजर्स हैदराबाद), निशांत सिंधू, अरशद खान (दोनों गुजरात टाइटंस), और आयुष बडोनी (लखनऊ सुपर जाइंट्स) भी मौजूदा आईपीएल सत्र के दौरान अपनी-अपनी टीम के नियमित खिलाड़ी रहे हैं।

टीम में शामिल अंशुल कंबोज (टेस्ट), रियान पराग और तिलक वर्मा (टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय) पहले ही सीनियर टीम के लिए खेल चुके हैं। वहीं आयुष बडोनी को इस साल की शुरुआत में भारतीय टीम में चुना गया था लेकिन उन्हें कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। तिलक इससे पहले भी भारत 'ए' की कप्तानी कर चुके हैं जबकि आर्य ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ शतक बनाया था।

स्पिनरों में दुबे, शेडगे, विपराज निगम शामिल हैं जबकि प्रभसिमरन और कुमार कुशाग्र दो विकेटकीपर हैं। भारत 'ए' की टीम श्रीलंका 'ए' (नौ और 15 जून) और अफगानिस्तान 'ए' (11 और 17 जून) के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी। शीर्ष दो टीम 21 जून को होने वाले फाइनल में भिड़ेंगी।

## त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भारत 'ए' टीम:

तिलक वर्मा (कप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग, आयुष बडोनी, निशांत सिंधू, हर्ष दुबे, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह, कुमार कुशाग्र, विपराज निगम, यश ठाकुर, युद्धवीर सिंह, अंशुल कंबोज और अरशद खान।

# शादी के 4 साल बाद टूटी मौनी रॉय और सूरज नांबियार की शादी, एक्ट्रेस ने खुद किया कंफर्म..

डेस्क जगप्रेरणा।

*मौनी रॉय ने आधिकारिक तौर पर सूरज नांबियार से अपने अलग होने की पुष्टि कर दी है। शादी के चार साल बाद 14 मई, 2026 को एक्ट्रेस मौनी ने अपने बिजनेसमैन पति से अलग होने की घोषणा की*



और कई दिनों की अटकलों के बाद एक्ट्रेस ने सूरज के साथ मिलकर अपने सोशल मीडिया पर एक जॉइंट स्टेटमेंट भी शेयर किया है। मौनी रॉय ने सूरज नांबियार के साथ अपनी शादी को लेकर मचे शोर-शराबे के बारे में बात की और उन्होंने इस बात पर अपनी नाराजगी जाहिर की कि किस तरह उनकी निजी जिंदगी को लेकर अफवाहें फैलाई जा रही हैं।

## मौनी रॉय और सूरज नांबियार की टूटी शादी..

मौनी और सूरज पिछले कुछ महीनों से अपनी शादीशुदा जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर दोनों के तलाक की खबरें तेजी से वायरल हो रही थीं। इसी बीच अब मौनी रॉय ने एक पोस्ट शेयर कर इन खबरों पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और अपने जॉइंट स्टेटमेंट में कपल ने प्राइवेसी की मांग भी की है। साथ ही इस कपल ने यह भी बताया कि उन्होंने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उनके मन में एक-दूसरे के लिए अभी भी सम्मान और समझ बनी हुई है।

## मौनी और सूरज शादी के 4 साल बाद हुए अलग..

सोशल मीडिया पर यह बयान शेयर करते हुए मौनी ने कैप्शन में लिखा, 'मैं सभी से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करती हूं कि कृपया हमें हमारी निजता और गरिमा बनाए रखने दें और मेरे या सूरज के बारे में कोई भी झूठी कहानी न फैलाएं। मुझे आप सभी से उम्मीद है कि इस मुश्किल समय में आप हमारी प्राइवेसी का सम्मान करेंगे।

सभी मीडिया संस्थानों से मेरा विनम्र अनुरोध है कि कृपया ऐसा करना बंद करें। प्यार, सूरज और मौनी।' एक्ट्रेस ने आगे लिखा, 'हम मीडिया के कुछ हिस्सों द्वारा हमारे निजी जीवन में की जा रही अनावश्यक और दखलंदाजी वाली हरकतों को देखकर निराश हैं। हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि हमने अलग होने का फ़ैसला कर लिया है और हम इस मामले को निजी तौर पर आपसी सहमति से सुलझाने के लिए जरूरी समय ले रहे हैं।'

## क्यों तलाक ले रहे हैं मौनी और सूरज?


सूरज नांबियार से अलग होने की वजह बताते हुए मौनी रॉय ने लिखा, 'मनगढ़ंत कहानियों और सरासर झूठी बातों को फैलाकर हमारी निजी जिंदगी को सनसनीखेज बनाने की कोशिशें की गई हैं, जो हमारे रिश्ते की असलियत को नहीं दर्शातीं।

अपनी बदलती निजी प्राथमिकताओं पर गहराई से विचार करने के बाद हमने आपसी सहमति से सम्मान और समझ के साथ अलग-अलग रास्तों पर आगे बढ़ने का फैसला किया है।' अपने नोट के अंत में मौनी ने लिखा, 'इस समय, हम इस दौर को समझदारी और निजी तौर पर संभालने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम आने वाले समय में अपनी दोस्ती को संजोकर रखने की कोशिश करेंगे। हम आपकी समझ, हमारी निजता के प्रति आपके सम्मान और इस दौरान हमें दिए गए निरंतर समर्थन की तहे दिल से सराहना करते हैं।'

# 'मुझे विदेशी कोच नियुक्त करने की वजह से हटाया गया'; पीआर श्रीजेश के आरोपों पर अब आया हॉकी इंडिया का जवाब..

डेस्क जगप्रेरणा।

*भारतीय हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर और ओलंपिक पदक विजेता दिग्गज खिलाड़ी पीआर श्रीजेश ने हॉकी इंडिया को लेकर 13 मई को सोशल मीडिया पर काफी लंबा-चौड़ा ट्वीट करने के साथ गंभीर आरोप लगाए हैं।*



पीआर श्रीजेश ने हॉकी को अलविदा कहने के बाद कोचिंग की दुनिया में कदम रखा जिसमें उन्हें भारतीय हॉकी जूनियर पुरुष हॉकी पुरुष टीम के हेड कोच की जिम्मेदारी मिली। अब श्रीजेश को लगभग डेढ़ साल के बाद इस पद से हटा दिया गया है जिसमें इसी मुद्दे को लेकर श्रीजेश ने हॉकी इंडिया पर आरोप लगाया है कि उन्होंने विदेशी कोच को उनकी जगह पर नियुक्त करने के लिए ये फैसला लिया है। वहीं इस पूरे मामले पर हॉकी इंडिया की तरफ से भी जवाब जारी किया गया है।

## मैंने सुना है कि खराब प्रदर्शन के बाद कोचों को हटाया जाता है..

भारत के महान गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने हॉकी इंडिया के रवैये पर सवाल उठाते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया जिसमें उन्होंने लिखा कि लगता है कि मेरा कोचिंग करियर डेढ साल के बाद ही खत्म हो गया है जिसमें हमने पांच टूर्नामेंट खेले और जूनियर वर्ल्ड कप समेत पांच बार पोडियम पर रहे। मैने सुना है कि खराब प्रदर्शन के बाद कोचों को हटाया जाता है लेकिन पहली बार विदेशी कोच की नियुक्ति के लिये मुझे हटाया जा रहा है। हॉकी इंडिया अध्यक्ष का कहना है कि सीनियर पुरूष टीम के मुख्य कोच जूनियर स्तर पर भी विदेशी कोच चाहते हैं क्योंकि उनका मानना है कि इससे जूनियर स्तर से सीनियर स्तर पर भारतीय हॉकी के विकास में मदद मिलेगी।

पीआर श्रीजेश ने आगे लिखा कि क्या भारतीय कोच भारतीय हॉकी का विकास नहीं कर सकते। खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ एक मुलाकात में मुझे कहा गया था कि 2036 ओलंपिक की तैयारी के लिये श्रीजेश हमें तुम्हारे जैसे कोचों की जरूरत है। लेकिन हॉकी इंडिया का भरोसा चारों टीमों के लिये भारतीय कोचों की बजाय विदेशी कोचों पर है। बता दें कि भारत की जूनियर टीम के कोच के रूप में श्रीजेश का कार्यकाल दिसंबर 2025 में खत्म हो गया था जिसके बाद उन्होंने इस पद के लिए फिर से आवेदन किया था।

## हॉकी इंडिया ने पीआर श्रीजेश के आरोपों का दिया जवाब..

ओलंपिक पदक विजेता पीआर श्रीजेश के आरोपों को लेकर हॉकी इंडिया की तरफ से भी जवाब देने में देरी नहीं लगाई गई जिसमें उन्होंने अपनी तरफसे जारी किए गए बयान में बताया कि पीआर श्रीजेश का कोचिंग कार्यकाल दिसंबर 2025 में ही खत्म हो गया था। आधिकारिक अनुबंध खत्म होने के बाद प्रोटोकॉल के अनुसार इस पद के लिए विज्ञापन जारी किया गया था जिसमें उचित चयन प्रक्रिया के आधार पर योग्यता के अनुसार आवेदकों को शॉर्टलिस्ट किया गया है, जिसमें नए कोच के चयन को लेकर जल्द घोषणा कर दी जाएगी। हॉकी इंडिया ने अपने बयान में आगे कहा कि हमने किसी भी तरह से श्रीजेश को निकाल नहीं दिया है, बल्कि हमने उन्हें डेवलपमेंट टीम के कोच का पद देने की पेशकश की थी। यह टीम लॉस एंजिल्स 2028 और अगले ओलंपिक चक्र के लिए भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इससे एक कोच के तौर पर पीआर श्रीजेश को अनुभव और पहचान और बेहतर मिलती। हालांकि इसको लेकर उन्होंने बार-बार अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए कहे जाने के बावजूद इस पद को स्वीकार नहीं किया।

## भारतीय हॉकी के विकास के लिए हॉकी इंडिया पूरी तरह से प्रतिबद्ध है..

श्रीजेश के आरोपों को लेकर हॉकी इंडिया की तरफसे ये भी साफकिया गया है कि उन्हें किसी भी तरह से यह कभी नहीं बताया गया कि मुख्य कोच द्वारा किसी विदेशी कोच को प्राथमिकता दी जा रही है। हम सामूहिक रूप से अपनी सरकार के उस दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में काम कर रहे हैं,


जिसके तहत साल 2036 तक के लिए एक मार्ग तैयार किया जाना है और उस प्रक्रिया का एक बड़ा हिस्सा हमारे भारतीय कोचिंग टैलेंट को विकसित करना भी है। हॉकी इंडिया भारतीय हॉकी के विकास के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और हमारे सभी निर्णय इसी लक्ष्य को हासिल करने की दिशा की तरफ है।

# 20 साल की हुई फिल्म गोलमाल

# डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने शेयर की अपनी खुशी..

डेस्क जगप्रेरणा।

*एक जमाना था जब चार बेरोजगार लड़के, एक नेत्रहीन दंपत्ति, एक बेकाबू कार और 'वसूली भाई' नाम का एक यादगार किरदार सिनेमाघरों में दर्शकों को लगातार हंसाते रहते थे।*



साल 2006 में 'गोलमालः फन अनलिमिटेड' सिनेमाघरों में बिना किसी बड़ी उम्मीद के आई थी। लेकिन इसके बाद जो हुआ उसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित और अजय देवगन, अरशद वारसी, तुषार कपूर और शरमन जोशी अभिनीत यह कॉमेडी फिल्म धीरे-धीरे बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय कॉमेडी फिल्मों में से एक बन गई। फिल्म की दमदार कॉमेडी, और मजेदार डायलॉग दर्शकों को तुरंत पसंद आ गए।

परेश रावल, सुष्मिता मुखर्जी और मुकेश तिवारी जैसे सहायक कलाकारों ने कहानी में और भी मस्ती भर दी, जिससे यह फिल्म दर्शकों की एक पूरी पीढ़ी के लिए सदाबहार बन गई। अब लगभग 20 साल बाद, रोहित शेट्टी ने एक बार फिर प्रशंसकों को पुरानी यादों में ले गए हैं। फिल्म निर्माता ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर एक विशेष वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने मूल फिल्म के सबसे मजेदार और वायरल पलों में से एक को फिर से जीवंत किया है।

## डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने शेयर किया वीडियो..

गुरुवार को फिल्म निर्माता ने इंस्टाग्राम पर एक विशेष वीडियो साझा किया, जिसमें मूल फिल्म के सबसे मजेदार पलों में से एक को फिर से जीवंत किया गया है। इस क्लिप में 2006 के फुटेज को 2026 में पुनर्निर्मित दृश्यों के साथ जोड़ा गया है, जिसने इस फ्रेंचाइज़ के पुराने प्रशंसकों की यादें ताजा कर दीं।

इस रीक्रिएटेड सीन में वो आइकॉनिक सीक्वेंस दिखाया गया है जिसमें अरशद वारसी का किरदार माधव और शरमन जोशी का किरदार लक्ष्मण रेस कार में तेजी से भागते हुए आसपास के लोगों को नाटकीय अंदाज में हाथ हिलाते नजर आते हैं। उस समय इस सीन को यादगार बनाने वाली बात थी शरमन जोशी का चेज के दौरान मजेदार तरीके से महिला का वेश धारण करना।

यह सीन फिल्म के सबसे चर्चित कॉमेडी पलों में से एक है और ऑनलाइन वायरल मीम के रूप में आज भी ट्रेंड कर रहा है।

## नए वीडियो को फ्रेम दर फ्रेम रीक्रिएट किया..

नए वीडियो में इस सीक्वेंस को लगभग फ्रेम-दर-फ्रेम रीक्रिएट किया गया है, जिसमें पुराने फुटेज और नए शूट किए गए विजुअल्स के बीच सहज ट्रांज़िशन दिखाया गया है। क्लिप पोस्ट होते ही फैंस ने कमेंट सेक्शन में अपनी प्रतिक्रिया दी, कई लोगों ने इसे बचपन की याद बताया तो कुछ ने कहा कि वीडियो ने उन्हें तुरंत पुराने सरल दिनों में वापस पहुंचा दिया।

वीडियो के साथ रोहित ने कैप्शन में लिखा, 'यादों की गलियों में घूमते हुए। आपने पहली गोलमाल कब देखी थी? हम वादा करते हैं कि आप उन खुशनुमा दिनों को बहुत जल्द फिर से जी सकेंगे... शूटिंग जारी है।' अभिनेता अरशद वारसी ने भी वीडियो शेयर किया और इस फ्रेंचाइज के लंबे सफर का जश्न मनाया। फिल्म की निरंतर लोकप्रियता पर विचार करते हुए उन्होंने लिखा, '20 साल हो गए और कुछ नहीं बदला, गोलमाल आपका मनोरंजन करती रहेगी।'

'गोलमालः फन अनलिमिटेड' की सफलता के बाद, 'गोलमाल रिटर्न्स', 'गोलमाल 3' और 'गोलमाल अगेन' के साथ फ्रैंचाइजी का विस्तार हुआ। आगामी पांचवीं किस्त की कहानी अभी गुप्त रखी गई है, लेकिन शेट्टी ने हाल ही में पुष्टि की है कि अक्षय कुमार भी आगामी फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# केएसएस मेमोरियल निशानेबाजी चैंपियनशिप: सौरभ और साक्षी ने स्वर्ण पदक जीते..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

रेलवे के सौरभ चौधरी और महाराष्ट्र की साक्षी सुनील पाडेकर ने बृहस्पतिवार को 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल निशानेबाजी चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल और महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन्स स्पर्धा के खिताब अपने नाम किए। यह प्रतियोगिता नयी दिल्ली की डा कर्णी सिंह शूटिंग रेंज और भोपाल में मध्य प्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी में आयोजित की जा रही है।

पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल आईएसएसएफ स्पर्धा में सौरभ चौधरी ने फाइनल में 242.8 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश के गौरव ने 240.7 अंक के साथ रजत पदक जबकि दिल्ली के हार्दिक बंसल ने 219.3 अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया। महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन्स स्पर्धा में महाराष्ट्र की साक्षी सुनील पाडेकर ने फाइनल में 357.7 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। पंजाब की अंजुम मोदगिल ने 357.2 अंक से रजत जबकि महाराष्ट्र की आकृति दहिया ने 346.3 अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

जूनियर महिलाओं की 50 मीटर राइफ्ल थ्री पोजिशन्स स्पर्धा में उत्तर प्रदेश की मान्या मित्तल ने फाइनल में 354.8 अंक हासिल कर खिताब जीता। मध्य प्रदेश की प्रथा राठौड़ ने 351.9 अंक के साथ रजत पदक जबकि हरियाणा की हेजल ने 338.6 अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

तमिलनाडु की मेल्विना एंजेलीन जे 327.4 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहीं। जूनियर पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में राजस्थान के अभिषेक सैनी ने फाइनल में 241.1 अंक हासिल कर खिताब जीता। राजस्थान के ही योगेश कुमार ने समान 241.1 अंक के साथ रजत पदक जीता जबकि कर्नाटक के जोनाथन गेविन एंटनी ने 219.3 अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

उत्तर प्रदेश के साहिल 198.1 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। युवा पुरुष वर्ग में राजस्थान के देवेंद्र फर्सवाल ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जीत दर्ज की जबकि हरियाणा के प्रियांशु यादव ने रजत पदक हासिल किया। दिल्ली के हार्दिक बंसल ने कांस्य पदक जीता और उत्तराखंड के शुभ चौथे स्थान पर रहे।

# पीवी सिंधु और श्रीकांत ने किया जीत से आगाज

# दूसरे राउंड के लिए पक्की की जगह..



डेस्क जगप्रेरणा।

*बैंकॉक में चल रहे थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत का शानदार आगाज देखने को मिला है, जिसमें उन्होंने 13 मई को सीधे सेटों में जीत हासिल करने के साथ राउंड ऑफ-16 में अपनी जगह को पक्का कर लिया है।*

इसके अलावा टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल तक का सफर करने वाले भारतीय खिलाड़ी आयुष शेट्टी को जापान की छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से तीन सेटों तक चले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा जबकि तरूण मन्नेपल्ली को भी जापान के खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा।

## पीवी सिंधु ने चीनी ताइपै खिलाड़ी को दी मात, किदांबी ने सिंगापुर के प्लेयर को हराया

भारतीय स्टार महिला खिलाड़ी पीवी सिंधु को लेकर बात की जाए तो उनका सामना चीनी ताइपै की खिलाड़ी तुंग सियू तोंग से था, जिसमें 33 मिनट तक चले 2 सेट तक इस मुकाबले में पूरी तरह से दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का दबदबा देखने को मिला। इसमें पीवी सिंधु ने पहले सेट को जहां 21-9 के अंतर से अपने नाम किया तो वहीं दूसरे सेट को वह 21-12 के अंतर से जीतने में कामयाब रही। अब पीवी सिंधु का राउंड ऑफ-16 में डेनमार्क की अमेली शूल्ज से होग, जिसमें ये मुकाबला 14 मई को भारतीय समयानुसार सुबह 8:30 पर होगा।

दुनिया के पूर्व नंबर-1 खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत को लेकर को बात की जाए तो उनका सामना राउंड ऑफ-32 में सिंगापुर के आठवीं वरीयता प्राप्त लो कीन यू से था। ये मुकाबला किदांबी श्रीकांत 30 मिनट के अंदर ही खत्म करने के साथ अगले दौर के अपनी जगह पक्की करने में कामयाब रहे। इस मैच के पहले सेट को किदांबी श्रीकांत ने 21-14 के अंतर से अपने नाम किया जबकि दूसरे से को वह 21-15 के अंतर से अपने नाम करने में कामयाब रहे। अब राउंड ऑफ-16 में किदांबी श्रीकांत का सामना चीनी ताइपै

## 21 साल की देविका ने दर्ज की अपनी पहली जीत..

थाईलैंड ओपन सुपर 500 में हिस्सा ले रही 21 साल की भारतीय महिला देविका सिहाग खिलाड़ी अपनी पहली सुपर-500 जीत दर्ज करने में कामयाब रही। देविका का सामना राउंड ऑफ 32 में जापान की नात्सुकी निदैरा से था, जिसमें उन्होंने एक घंटे 11 मिनट तक चले तीन सेटों तक इस मुकाबले को 2-1 के अंतर से अपने नाम किया। इस मैच का पहला सेट देविका ने 21-19 के अंतर से अपने नाम किया लेकिन दूसरे सेट में उन्हें 13-21 के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। आखिरी सेट में देविका सिहाग ने शानदार वापसी करने के साथ उसे 21-15 के जीतने के साथ अगले राउंड के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# समुद्री खाद्य क्षेत्र के एमएसएमई के लिए पी. एल. आई योजना लाने पर विचार : वाणिज्य मंत्रालय..




नई दिल्ली, (भाषा)।

***मत्स्य विभाग समुद्री खाद्य क्षेत्र के सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए उत्पादन-से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना बनाने की संभावनाओं पर विचार करेगा। बृहस्पतिवार को जारी एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई।***

बयान में कहा गया है कि इस प्रस्ताव का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता को बेहतर बनाना, निर्यात-उन्मुख बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, प्रौद्योगिकी की स्वीकार्यता को बढ़ावा देना, शोध एवं विकास में सहायता करना और मूल्यवर्धन को बढ़ावा देना है।

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, ''मत्स्य विभाग, समुद्री खाद्य क्षेत्र के एमएसएमई के लिए एक विशेष पीएलआई योजना विकसित करने की संभावनाओं पर विचार करेगा।''

मंत्रालय ने बताया कि प्रस्तावित रूपरेखा का उद्देश्य भारत के कुल समुद्री खाद्य (सीफूड) निर्यात में मूल्यवर्धित उत्पादों की हिस्सेदारी को बढ़ाना है, और साथ ही निर्यातकों की संख्या को मौजूदा के लगभग 1,200 से बढ़ाकर आने वाले वर्षों में 5,000 तक पहुंचाना है।

घरेलू विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार पहले ही 14 क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजना लागू कर चुकी है, जिसके लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। इन क्षेत्रों में रेफ्रिजरेटर, एसी जैसे 'व्हाइट गुड्स', इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मास्युटिकल्स शामिल हैं।

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह के बीच हुई एक बैठक के दौरान मत्स्यपालन क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

दोनों मंत्रियों ने भारत के समुद्री खाद्य क्षेत्र की विकास गति को तेज करने और देश की वैश्विक निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत बनाने के लिए एक रूपरेखा तैयार करने पर चर्चा की।

इस बात पर सहमति बनी कि मूल्यवर्धन, बुनियादी ढांचे के विकास, उत्पादों में विविधता लाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने, बाजार का विस्तार करने, गहरे समुद्र में मछली पकड़ने (डीप-सी फिशिंग) और अंशधारकों की अधिक भागीदारी पर केंद्रित एक समन्वित रणनीति के माध्यम से सीफूड निर्यात में वृद्धि को बढ़ावा देने की दिशा में काम किया जाएगा।

इसी पहल के तहत, 5-6 जून, 2026 को विशाखापत्तनम में दोनों मंत्रालयों द्वारा संयुक्त रूप से दो दिवसीय 'चिंतन शिविर' का आयोजन किया जाएगा।

इस बैठक में जलीय कृषि (एक्वाकल्चर) और मछली पकड़ने (कैप्चर फिशरीज़) से जुड़े स्वच्छता और पादप-स्वच्छता (एसपीएस) संबंधी मुद्दों को हल करने के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। भारत के समुद्री उत्पादों के निर्यात ने एक अभूतपूर्व मील का पत्थर हासिल किया है, जिसमें वर्ष 2025-26 में समुद्री भोजन का निर्यात अब तक के उच्चतम स्तर 72,325.82 करोड़ रुपये (8.28 अरब डॉलर) तक पहुंच गया है।

# बजाज समूह रखेगा स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में कदम, पुणे में करेगा 2,000 करोड़ रुपये का निवेश..




मुंबई, (भाषा)।

***बजाज समूह अब स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में कदम रखने जा रहा है और अगले तीन साल में पुणे में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक निवेश करने की योजना बना रहा है। समूह के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।***

बजाज इंटिग्रेटेड हेल्थ सिस्टम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक नीरव बजाज ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि समूह अगले एक दशक में 10-12 शहरों तक इस कारोबार के विस्तार की योजना बना रहा है।

उन्होंने कहा कि समूह एक ऐसे चरणबद्ध स्वास्थ्य सेवा मॉडल को विकसित करना चाहता है, जिसमें क्लिनिक, ओपीडी परामर्श सेवाएं, घरेलू देखभाल और अस्पताल शामिल हों।

एक सदी से अधिक पुराने कारोबारी परिवार की पांचवीं पीढ़ी के सदस्य नीरव बजाज ने कहा कि समूह का उद्देश्य मरीजों को रोकथाम से लेकर गंभीर उपचार तक पूरी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है और अस्पताल पर निर्भरता को यथासंभव कम करना है।

उन्होंने कहा, ÷हम कोशिश कर रहे हैं कि इलाज मरीज की जरूरत के हिसाब से सही स्थान पर हो, न कि हर स्थिति में अस्पताल में ही भर्ती किया जाए।÷ इसके साथ ही बजाज ने स्पष्ट किया कि कंपनी बिस्तरों की संख्या या प्रति बिस्तर आय जैसे पारंपरिक पैमानों के आधार पर विस्तार नहीं मापेगी।

उन्होंने कहा कि बजाज समूह मौजूदा अस्पतालों का अधिग्रहण करने के बजाय अपनी अलग कार्यप्रणाली के तहत नए सिरे से स्वास्थ्य ढांचा तैयार करेगा।

अगले छह महीनों में पुणे में पहले क्लिनिक और ओपीडी सेवा केंद्र शुरू किए जाएंगे, जबकि 450 से अधिक बिस्तरों वाले अस्पताल को बनने में करीब चार साल लगेंगे। पुणे में कुल पूंजीगत व्यय 2,000-2,500 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। समूह अन्य शहरों में भी इसी मॉडल को अपनाएगा और मुंबई अगला प्रमुख विस्तार केंद्र हो सकता है। बजाज ने कहा कि अगले 10-12 वर्षों में कंपनी सात-आठ शहरों में मौजूदगी दर्ज कराने का लक्ष्य रखती है।

# डीजीएफटी ने अग्रिम मंजूरी योजना के तहत सोना आयात की सीमा 100 किलोग्राम तय की



नई दिल्ली, (भाषा)।

***कीमती धातुओं पर आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी किए जाने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को सरकार ने अग्रिम मंजूरी योजना के तहत सोने के आयात पर 100 किलोग्राम की सीमा भी तय कर दी।***

इस योजना के तहत आभूषण निर्यातकों को कच्चा माल या लागत सामग्री बिना किसी शुल्क के आयात करने की अनुमति होती है।

सरकार ने सोने के आयात के लिए अग्रिम मंजूरी जारी करने और उसकी निगरानी करने की शर्तों को और सख्त कर दिया है। इससे पहले, इस योजना के तहत सोने के आयात पर कोई सीमा नहीं थी। अग्रिम मंजूरी योजना के तहत उन लागत सामग्री का शुल्क-मुक्त आयात करने की अनुमति होती है, जिनका इस्तेमाल निर्यात किए जाने वाले उत्पाद को बनाने में किया जाता है। लागत सामग्री के अलावा पैकेजिंग सामग्री, ईंधन, तेल और कैटेलिस्ट का भी आयात किया जा सकता है, जिनका इस्तेमाल निर्यात उत्पाद के उत्पादन की प्रक्रिया में होता है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक सार्वजनिक सूचना में कहा, ÷सोने के आयात के लिए अग्रिम मंजूरी अधिकतम 100 किलोग्राम की सीमा के अधीन ही जारी की जाएगी।÷

इसमें कहा गया कि यदि कोई व्यक्ति पहली बार अग्रिम मंजूरी के लिए आवेदन करता है, तो उसकी उत्पादन इकाई का अनिवार्य रूप से भौतिक निरीक्षण किया जाएगा। यह निरीक्षण इकाई के अस्तित्व, उसकी क्षमता और उसके चालू होने की स्थिति की पुष्टि करने के लिए किया जाएगा।

सूचना के मुताबिक, ÷सोने के आयात के लिए कोई भी अगला अग्रिम मंजूरी एए) तभी जारी करने पर विचार किया जाएगा, जब निर्यात की निर्धारित शर्त का कम से कम 50 प्रतिशत हिस्सा पूरा कर लिया गया हो।÷

इसके साथ ही, अग्रिम मंजूरी धारक को हर पखवाड़े (15 दिन में) अपनी प्रदर्शन रिपोर्ट जमा करनी होगी। इस रिपोर्ट को किसी स्वतंत्र चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा विधिवत प्रमाणित किया जाना चाहिए, जिसमें सोने के आयात और निर्यात से संबंधित विवरणों की पुष्टि की गई हो।

इसके अलावा, महानिदेशालय का संबंधित क्षेत्रीय प्राधिकरण डीजीएफटी को एक मासिक रिपोर्ट जमा करेगा, जिसमें अग्रिम मंजूरी जारी करने से संबंधित विस्तृत जानकारी शामिल होगी।

इसके पहले सरकार ने बुधवार को सोने और चांदी पर आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी करते हुए इसे 15 प्रतिशत कर दिया। यह कदम पश्चिम एशिया में चल रहे संकट के कारण लगातार बढ़ते आयात खर्च को देखते हुए उठाया गया है। इसका उद्देश्य सोने-चांदी की खरीद को हतोत्साहित करना और गैर-जरूरी आयात में कटौती करना है।

इसके तहत सोने और चांदी पर आयात शुल्क को 13 मई से छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है, जबकि प्लैटिनम पर आयात शुल्क 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 15.4 प्रतिशत कर दिया गया है।

वित्त वर्ष 2025-26 में सोने और चांदी का आयात सालाना आधार पर 26.7 प्रतिशत बढ़कर 102.5 अरब डॉलर हो गया जबकि कुल आयात में इनकी हिस्सेदारी 2024-25 के 11.8 प्रतिशत से बढ़कर 14 प्रतिशत हो गई।

यह शुल्क बढ़ोतरी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोने की खरीद पर रोक लगाने की अपील के कुछ ही दिनों बाद हुई है। प्रधानमंत्री ने विदेशी मुद्रा पर होने वाले गैर-ज़रूरी खर्च को कम करने के लिए दूसरे कड़े कदम उठाने की भी बात कही थी।

चीन के बाद दुनिया में सोने का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता देश भारत है। यहां सोने का आयात मुख्य रूप से आभूषण उद्योग की मांग से तय होता है। इस तरह के आयात से विदेशी मुद्रा का काफ़ी बड़ा हिस्सा देश से बाहर चला जाता है।

मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर 95.75 पर पहुंच गया था। हालांकि, बुधवार को सोने के आयात पर शुल्क बढ़ाने की घोषणा के बाद रुपये की स्थिति में कुछ सुधार देखने को मिला।

# गर्मी की मूंगफली फसल की आवक शुरू होने से मूंगफली तेल-तिलहन में गिरावट..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***गुजरात में मूंगफली की गर्मियों की फसल की आवक शुरू होने के बीच बृहस्पतिवार को देश के बाजारों में मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में गिरावट देखी गई। दूसरी ओर सरसों तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल***
(सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम में सुधार रहा। सरसों तेल, सोयाबीन तिलहन के दाम स्थिर बने रहे। शिकॉगो एक्सचेंज रात भी गिरावट के साथ बंद हुआ था और अब भी यहां गिरावट है। मलेशिया एक्सचेंज में भी गिरावट है।

बाजार सूत्रों के अनुसार, गुजरात में मूंगफली की गर्मियों की फसल आने की आहट है। उल्लेखनीय है कि मूंगफली के दाम पहले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे है। अब गर्मियों की नयी फसल की जल्द आवक शुरू होने की संभावना के बीच मूंगफली पर दबाव और बढ़ गया है। पश्चिम एशिया में युद्ध की परिस्थिति में आयातित खाद्य तेलों के दाम बढ़ने की आशंका बनी हुई है। प्रधानमंत्री ने भी खाद्य तेलों की खपत कम रखने की अपील की है। ऐसे में आगे किसी विषम परिस्थिति का सामना करने के लिए जरूरी है कि मूंगफली, सोयाबीन और सरसों का स्टॉक बनाकर रखा जाये।

उन्होंने कहा कि आम तौर पर मूंगफली तेल का दाम सूरजमुखी तेल से अधिक रहा करता है लेकिन अभी की परिस्थिति में मूंगफली तेल के दाम सूरजमुखी से नीचे हो चले हैं।

सूत्रों ने कहा कि सरसों के तेल रहित खल (डी-आयल्ड केक या डीओसी) की स्थानीय के साथ-साथ निर्यात मांग होने के कारण सरसों तिलहन के दाम में सुधार आया। दूसरी ओर खल के दाम में सुधार रहने के बीच सरसों तेल के दाम स्थिर बने रहे।

उन्होंने कहा कि जिस तरह सोयाबीन तेल पहले लागत से अधिक नीचे दाम पर बेचा जा रहा था वह तेल अब कम नुकसान के साथ बिक रहा है जिस कारण सोयाबीन तेल में सुधार दिखाई दे रहा है। सुस्त कामकाज के बीच सोयाबीन तिलहन के दाम स्थिर रहे।

सूत्रों ने कहा कि मांग होने से जहां पाम-पामोलीन तेल में सुधार है वहीं कम उपलब्धता (300-400 कपास गांठ की आवक) के कारण बिनौला तेल में भी सुधार आया।

## तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे:

सरसों तिलहन - 7,100-7,125 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,500-6,975 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,400 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,455-2,755 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 14,550 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,430-2,530 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,430-2,575 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,800 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,700 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,200 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,850 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 15,550 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,650 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,500 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,350-7,400 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 7,000-7,075 रुपये प्रति क्विंटल।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें.. मो. 9329033433

# मुथूट फाइनेंस का चौथी तिमाही का मुनाफा दोगुने से भी अधिक होकर 3,397 करोड़ रुपये




नई दिल्ली, (भाषा)।

***मुथूट फइनेंस का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी- मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 3,397 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।***

वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में कंपनी ने 1,444 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 9,291 करोड़ रुपये हो गई, जो 2024-25 की समान तिमाही में 5,627 करोड़ रुपये थी।

चौथी तिमाही में कंपनी की ब्याज आय भी बढ़कर 9,008 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 5,465 करोड़ रुपये थी।

पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में मुथूट फाइनेंस का शुद्ध लाभ 10,606 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 5,352 करोड़ रुपये था, यानी इसमें 98 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी की कुल आय भी बढ़कर 31,263 करोड़ रुपये रही, जो 2024-25 में 20,265 करोड़ रुपये थी।

# सर्वकालिक निचले स्तर को छूने के बाद रुपया दो पैसे की बढ़त के साथ 95.64 प्रति डॉलर पर बंद..



मुंबई, (भाषा)।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.96 प्रति डॉलर के अब तक नए निचले स्तर को छूने के बाद अंत में डॉलर के मुकाबले दो पैसे के मामूली सुधार के साथ 95.64 पर रहा। मजबूत अमेरिकी मुद्रा और ऊर्जा की ऊंची कीमतों के बीच मुद्रास्फीति की चिंताओं के बीच रुपये अपने सर्वकालिक निचले स्तर तक गया।

उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी से भारत के कच्चे तेल आयात पर असर पड़ा है। कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि से ईंधन आयात भी महंगा हो गया है।

कारोबारियों के अनुसार, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, मजबूत डॉलर और पश्चिम एशिया संकट को लेकर चिंताओं के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है, जिससे रुपया इस वर्ष एशिया की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गया है। इस साल अब तक इसमें छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट आ चुकी है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 95.74 पर कमजोर खुला। दिनभर उतार-चढ़ाव वाले कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर 95.61 के उच्च स्तर और 95.96 के सर्वकालिक निचले स्तर तक गई। अंत में रुपया 95.64 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से दो पैसे की मजबूती है।

बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.80 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया था और अंत में 95.66 पर बंद हुआ था।

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, ÷मुद्रास्फीति की चिंताओं और मजबूत डॉलर के कारण रुपये में नकारात्मक रुख बने रहने की आशंका है। अमेरिका में बढ़ती मुद्रास्फीति से फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कमजोर पड़ी है।÷

उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव तथा विदेशी कोषों की निकासी भी रुपये पर दबाव बना सकती है।

हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप और सोने-चांदी पर आयात शुल्क बढ़ाए जाने जैसे कदम निचले स्तर पर रुपये को कुछ समर्थन दे सकते हैं।

चौधरी ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 95.50 से 96.10 के दायरे में रह सकता है।

इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत गिरकर 98.51 पर कारोबार कर रहा था।

अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.50 प्रतिशत बढ़कर 106.16 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 789.74 अंक चढ़कर 75,398.72 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 277 अंक बढ़कर 23,689.60 अंक पर पहुंच गया।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने बृहस्पतिवार को शुद्ध रूप से 187.46 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीद की।



जग प्रेरणा

# देश विदेश

● म.प्र. ● महाराष्ट्र ● छ.ग. ● उड़ीसा ● राजस्थान ● गुजरात ● दिल्ली ● हरियाणा ● पंजाब ● जम्मु कश्मीर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433

## प्लेन क्रैश के बाद 5 घंटे तक समुद्र में जूझते रहे यात्री, फिर हुआ चमत्कार और बच गई 11 लोगों की जान..




डेस्क जगप्रेरणा।

***अमेरिका के फ्लोरिडा तट के पास समुद्र में हुए एक विमान हादसे में 11 लोगों की जान बाल-बाल बच गई। विमान के समुद्र में गिरने के बाद सभी लोग करीब 5 घंटे तक एक लाइफ राफ्ट पर फंसे रहे।***

उनके पास मदद के लिए किसी से संपर्क करने का कोई साधन नहीं था और उन्हें यह भी नहीं पता था कि कोई उन्हें बचाने आएगा भी या नहीं। इस दौरान तेज तूफान आने की आशंका के बीच सभी लोग एक तिरपाल के नीचे बैठकर खुद को बचाने की कोशिश करते रहे। बाद में अमेरिकी सेना और बचाव दल के हेलीकॉप्टर वहां पहुंचे और सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

### उड़ान के दौरान विमान का इंजन खराब हो गया..

अधिकारियों के मुताबिक, हादसे का शिकार हुआ विमान बीचक्राफ्ट 300 किंग एयर टर्बोप्रॉप था। यह विमान बहामास के ग्रेट अबाको द्वीप स्थित मार्श हार्बर से फ्रीपोर्ट के ग्रैंड बहामा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जा रहा था। मंगलवार को उड़ान के दौरान विमान का इंजन खराब हो गया, जिसके बाद पायलट ने फ्लोरिडा के वेरो बीच से करीब 80 किलोमीटर दूर समुद्र में इमरजेंसी लैंडिंग यानी डिचिंग की। पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए विमान में मौजूद 10 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला और सभी को पीले रंग की लाइफ राफ्ट पर पहुंचाया। गनीमत रही कि हादसे में 3 लोगों को सिर्फमामूली चोटें आईं।

### 'क्रैश में लोगों का बच जाना चमत्कार से कम नहीं'

रेस्क्यू ऑपरेशन में शामिल एयर फोर्स कैप्टन रोरी व्हिपल ने बताया, 'उन्हें देखकर साफ लग रहा था कि वे शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से बेहद परेशान थे। कल्पना कीजिए कि समुद्र के बीच फंसे लोगों को यह भी नहीं पता था कि कोई उन्हें बचाने आएगा या नहीं।' एयर फोर्स रिजर्व की मेजर एलिजाबेथ पिओवाटी ने पायलट की तारीफकरते हुए कहा कि समुद्र की ऊंची लहरों के बीच विमान को नियंत्रित तरीके से उतारना बेहद कठिन होता है। उन्होंने कहा, 'मैंने पहले कभी किसी को समुद्र में विमान गिरने के बाद बचते नहीं देखा। इतने लोगों का सुरक्षित बच जाना किसी चमत्कार से कम नहीं है।'

### 'ऊंची लहरों के बीच एक-एक को रेस्क्यू किया गया'..

विमान का इमरजेंसी बीकन सक्रिय होने के बाद अमेरिकी कोस्ट गार्ड को हादसे की जानकारी मिली। उस समय एयर फोर्स रिजर्व की 920वीं रेस्क्यू विंग की एक टीम पहले से ट्रेनिंग मिशन पर उड़ान भर रही थी। उसी टीम को तुरंत बचाव कार्य के लिए भेजा गया। मेजर पिओवाटी ने बताया कि बचाव दल ने पहले पीड़ितों का पता लगाया और फिर विमान से 2 अतिरिक्त लाइफ राफ्ट, खाने और पानी वाला सर्वाइवल किट नीचे गिराया। इसके बाद हेलीकॉप्टर टीम ने 3 से 5 फीट ऊंची लहरों के बीच सभी लोगों को एक-एक कर सुरक्षित बाहर निकाला।

### 'समुद्र में विमान का कोई मलबा नहीं मिला'

मेजर पिओवाटी ने बताया कि आखिरी व्यक्ति को हेलीकॉप्टर में चढ़ाने के कुछ ही मिनट बाद हेलीकॉप्टर को फ्यूल भरवाने के लिए लौटना पड़ता, इसलिए समय पर पूरा ऑपरेशन होना बेहद अहम था। इस दुर्घटना की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बचाव दल को समुद्र में विमान का कोई मलबा नहीं मिला। सभी 11 लोगों को सुरक्षित निकालकर मेलबर्न ऑरलैंडो इंटरनेशनल एयरपोर्ट लाया गया, जहां पहले से मौजूद मेडिकल टीम ने उनका इलाज किया और अब सभी की हालत स्थिर है। अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन **(FAA)** ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।

## पत्नी की हत्या कर शव पलंग के 'बॉक्स' में रखने का आरोपी कोलकाता से गिरफ्तार..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दिल्ली पुलिस ने यहां नबी करीम इलाके में पत्नी की कथित रूप से हत्या कर शव को पलंग के 'बॉक्स' में रखने के मामले में फरार आरोपी पति को पश्चिम बंगाल के कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।***

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 39 वर्षीय आरोपी मोहम्मद एजाज ने देहज से संबंधित विवाद के बाद अपनी पत्नी की कथित रूप से गला घोंटकर हत्या कर दी थी और फिर पश्चिम बंगाल भाग गया था। वह मूल रूप से बिहार के वैशाली जिले का रहने वाला है और उसे बुधवार को कोलकाता के कराया इलाके से गिरफ्तार किया गया। उत्तराखंड के हल्द्वानी की निवासी 28 वर्षीय महिला का सड़ा गला शव आठ मई की रात को मध्य दिल्ली के नबी करीम इलाके में एक किराए के मकान में पलंग के बॉक्स से बरामद किया गया।

पुलिस ने बताया कि महिला ने एजाज से 26 अप्रैल को शादी की थी और दंपति हाल में किराए के मकान में रहने आया था। अधिकारी ने बताया कि महिला के पिता ने तहसीलदार के समक्ष एजाज और उसके छोटे भाई सरफराज के खिलाफ दहेज उत्पीड़न के आरोप लगाए। इन आरोपों के आधार पर, वैशाली निवासी सरफराज (29) को 10 मई को इस मामले में गिरफ्तार किया गया।

जांचकर्ताओं को यह भी पता चला कि एजाज घटना के बाद फरार हो गया था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था। अधिकारी ने बताया, 'लगातार निगरानी के बाद आरोपी का पता कोलकाता में चला। पश्चिम बंगाल में तैनात पुलिस दल ने उसकी गतिविधियों पर नजर रखी और अंततः 13 मई को कोलकाता के कराया इलाके से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।'

पूछताछ के दौरान, एजाज ने दहेज और पैसों से जुड़े विवादों को लेकर हुए झगड़े के बाद अपनी पत्नी की हत्या करने की बात कबूल की। उसने बताया कि छह और सात मई की दरमियानी रात को दोनों के बीच तीखी बहस हुई, जिसके दौरान उसने अपनी पत्नी का गला घोंट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद उसने शव को पलंग के बॉक्स में रखा, कमरे को बाहर से ताला लगाया और कोलकाता भाग गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने खुलासा किया कि उसने मृतका का मोबाइल फोन 2,500 रुपये में बेचकर भागने के लिए पैसे जुटाए थे। पुलिस ने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर फोन बरामद कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..
मो. 9329033433

## मदद के लिए पुकारते रहे दोस्त

### तैरना नहीं जानते थे; आखों के सामने तालाब में डूबकर मर गए दो साथी..



डेस्क जगप्रेरणा।

***महाराष्ट्र के नागपुर के हिंगना तहसील के सालाईमेंढा तालाब परिसर में छुट्टी बिताने गए पांच दोस्तों में से दो की पानी में डूबने से मौत हो गई। बुधवार को पांचों दोस्त छुट्टी मनाने के लिए तालाब के किनारे गए थे। मृतकों की पहचान 19 वर्षीय आदित्य चहांदे और अभिषेक सिरसाम के रूप में हुई है।***

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, हिंगना की एक निजी कंपनी में काम करने वाले पांच दोस्त नाइट ड्यूटी खत्म करने के बाद छुट्टी बिताने की योजना बनाई थी। ये सभी नाइट ड्यूटी करने के बाद बुधवार को लगभग 2:30 बजे एक जगह एकत्र हुए और सालाईमेंढा तालाब जाने का फैसला किया। तालाब पहुंचने के बाद लगभग शाम 4:00 बजे आदित्य चहांडे और अभिषेक सिरसाम तैरने के लिए पानी में उतरे

### आंखों के सामने समा गए दोस्त

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, तालाब में पानी का स्तर काफी अधिक था। तैरते समय दोनों युवक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। डूबते वक्त दोनों ने मदद की आवाज लगाई, लेकिन साथ गए अन्य दोस्तों को तैरने नहीं आता था, जिसके कारण वे उन्हें बचा नहीं पाए।

दोस्तों को डूबता देख अन्य तीन दोस्त काफी घबरा गए। उन्होंने तुरंत 112 नंबर पर कॉल किया। मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। तलाशी अभियान के दौरान अग्निशमन दल ने दोनों का शव पानी से बाहर निकाल कर हिंगना के ग्रामीण अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। इस घटना के बाद मृतक युवकों के परिवारों में मातम पसरा हुआ है।

## खगड़िया में ट्रक, बोलेरो जीप और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक शिक्षिका समेत तीन की मौत..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***बिहार में खगड़िया जिले के पसराहा थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार दोपहर ट्रक, बोलेरो जीप और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर होने से एक शिक्षिका समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।***

पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान परबत्ता प्रखंड के खीराडीह की निवासी एवं शिक्षिका कुमारी रूबी (34), नवगछिया के साहु परबत्ता के निवासी नीतीश कुमार (38) तथा झंझरा गांव के निवासी विकास कुमार (35) के रूप में हुई है। घायल युवक सोनू कुमार का इलाज खगड़िया सदर अस्पताल में चल रहा है।

पुलिस ने बताया कि हादसा पसराहा थानाक्षेत्र में बंधु पेट्रोल पंप के समीप हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-31) पर तेज रफ्तार ट्रक और बोलेरो जीप के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। इसी दौरान पीछे से आ रही मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। पुलिस के अनुसार इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार नीतीश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे सोनू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए।

बोलेरो जीप में सवार शिक्षिका कुमारी रूबी और चालक विकास कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल (गोगरी) पहुंचाया तथा वहां उपचार के दौरान कुमारी रूबी की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल चालक विकास कुमार को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल खगड़िया रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, शिक्षिका कुमारी रूबी भागलपुर जिले के नारायणपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय में कार्यरत थीं। उनके पति भारतीय थल सेना में हैं। थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है तथा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बरेली में आंधी-तूफान का कहर, टिन शेड के साथ व्यक्ति हवा में उड़ा; चार लोगों की मौत..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में बुधवार को आए भीषण आंधी-तूफान के दौरान एक व्यक्ति के टिन शेड के साथ करीब 50 फुट तक हवा में उड़ जाने का चौंकाने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।***

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मौसम संबंधी इस भीषण परिस्थिति की वजह से जिले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। बामियाना गांव में मोबाइल फोन से रिकॉर्ड किए गए वीडियो में एक विशाल टिन शेड हवा में उड़ता हुआ दिखाई देता है, जिसके साथ एक व्यक्ति भी ऊपर उठकर नीचे गिर जाता है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, वीडियो में नजर आए व्यक्ति की पहचान नन्हे मियां के रूप में हुई है। बताया गया कि वह तूफान से बचने के लिए टिन शेड से बंधी रस्सी पकड़कर खड़ा था, लेकिन तेज हवाओं के कारण शेड के साथ वह भी हवा में उछल गया। अधिकारियों ने बताया कि नन्हे मियां के हाथ-पैर में फ्रैक्चर हुआ है और उसके सिर व पीठ पर भी चोटें आई हैं। पुलिस के अनुसार, यह घटना 13 मई को भमोरा थाना क्षेत्र में हुई थी। बामियाना गांव के रहने वाले वहीद अंसारी के पुत्र नन्हे एक मैरिज हॉल में ई-रिक्शा से सामान पहुंचाने गया था, तभी अचानक तेज आंधी आ गई। नन्हे ने बताया कि तेज हवा के कारण टिन शेड से तेज आवाजें आने लगीं, जिसके बाद उसने रस्सी पकड़ ली, लेकिन अचानक आए तेज झोंके में शेड के साथ वह भी हवा में उठ गया और पास के खेत में गिर पड़ा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कई लोगों ने इसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से बना बताया, लेकिन पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। जिले में आंधी-तूफान से जुड़ी घटनाओं में कुल चार लोगों की मौत हुई है। नंदगांव के जंगतीरा में दीवार गिरने से 38 वर्षीय घासीराम की मौत हो गई।

भमोरा के नितोई गांव में पेड़ की टहनी गिरने से 65 वर्षीय गोमती देवी की जान चली गई। बेहटा जुनून गांव में टिन शेड गिरने से 61 वर्षीय लीपी नामक महिला की मृत्यु हो गई, जबकि हर्रामपुर गांव में पेड़ गिरने से सात वर्षीय छात्रा देवकी सक्सेना की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि तेज तूफान के कारण कई गांवों में पेड़ उखड़ गए और पशुधन को भी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीण इलाकों में कई मकानों और झोपड़ियों को भी क्षति हुई है।

## दिल्ली के प्रेम नगर में युवक की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में चार लोग गिरफ्तार..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

दिल्ली के प्रेम नगर इलाके में पुरानी रंजिश को लेकर 25 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान मुबारक राज उर्फ राज, कमलेश, सूरज और दीपांशु उर्फ असला के रूप में हुई है। सभी की उम्र करीब 18 वर्ष है।

पुलिस के अनुसार, 10 मई को प्रेम नगर थाने को एक व्यक्ति को मृत अवस्था में अस्पताल लाए जाने की सूचना मिली। मृतक की पहचान मनीष उर्फबादशाह के रूप में हुई है, जिस पर प्रेम नगर में किराए की संपत्ति में हमला किया गया था।

पुलिस अधिकारी ने कहा, 'इस संपत्ति के मालिक और घटना के चश्मदीद के बयान के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई और जांच शुरू की गई।' अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान चश्मदीदों के बयानों से पता चला कि हमलावरों के एक समूह ने पीड़ित पर चाकू से कई वार किए।

उन्होंने बताया कि इसके बाद पुलिस ने दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारी ने कहा, ÷मुबारक राज और दीपांशु को पकड़ा गया और पूछताछ के दौरान दोनों ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और अन्य साथियों के नामों का खुलासा किया।' पुलिस ने बताया कि इसके बाद कमलेश और सूरज को भी मामले में उनकी कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि यह घटना आरोपियों और पीड़ित के बीच पुरानी रंजिश का परिणाम थी।

## चम्मच से मगरमच्छ की आंख फोड़ दी! 54 साल की महिला ने ऐसे बचाई अपनी जान..



डेस्क जगप्रेरणा।

ओडिशा में बुधवार को भीतरकनिका राष्ट्रीय उद्यान के पास एक नदी में बर्तन धो रही एक महिला पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया। हालांकि, महिला इस हमले में बाल-बाल बच गई। यह घटना केंद्रपाड़ा जिले के महाकालपाड़ा वन क्षेत्र के पेटाछेला गांव में हुई।

### बहादुर महिला ने मौत को दी मात..

वन अधिकारियों ने बताया कि 54 वर्षीय छबी भुक्ता बर्तन धोने के लिए रामाचंडी नदी में उतरी थीं, तभी अचानक एक मगरमच्छ ने उन पर हमला कर दिया। छबी महाकालपाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती है। छबी ने बताया कि घटना के दौरान वह चीखने लगीं और अपने हाथ में पकड़े चम्मच से उन्होंने मगरमच्छ की आंखों पर हमला करके उसका बहादुरी से मुकाबला किया। डॉक्टरों ने बताया कि इस हमले के कारण महिला के हाथों, पैरों और पेट में चोटें आई हैं। फिलहाल उनका इलाज जारी है।

### 2 महीने पहले मछुआरे की हुई थी मौत..

यह घटना भीतरकनिका के पास कंसला गांव के 54 वर्षीय एक मछुआरे की गोबरी नदी में मछली पकड़ते समय मगरमच्छ के हमले में हुई मौत के ठीक 2 महीने बाद सामने आई है। उस मछुआरे की मौत इस साल 11 मार्च को हुई थी।

### मई से जुलाई के बीच क्यों बढ़ते हैं मगरमच्छ के हमले?

भीतरकनिका के सहायक वन संरक्षक मानस कुमार दास ने बताया कि मई से जुलाई के बीच प्रजनन और घोंसला बनाने के मौसम में मगरमच्छों के हमले आम तौर पर बढ़ जाते हैं, क्योंकि इस दौरान ये सरीसृप अंडे देने के लिए अक्सर जमीन पर आ जाते हैं। उन्होंने बताया कि वन विभाग ने सुरक्षा के मद्देनजर भीतरकनिका के आसपास लगभग नदी के 120 घाटों पर अवरोधक लगा दिए हैं और ग्रामीणों को केवल सुरक्षित जलमार्गों का उपयोग करने की सलाह दी है।













दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
सुरेश गावते देवरी
मो. 9420886573

## सितेपार में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मांग तेज..

# विधायक संजय पुराम ने स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आंबीटकर को सौंपा ज्ञापन, विभाग को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश..



जगप्रेरणा आमगांव।

***आमगांव तहसील के सितेपार क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने की मांग को लेकर विधायक संजय पुराम ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आंबीटकर को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की स्वास्थ्य समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया।***

इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस पहल से सितेपार सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों में संतोष का माहौल देखा जा रहा है।

सितेपार और आसपास के गांवों के लोगों को लंबे समय से स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव का सामना करना पड़ रहा है। सामान्य उपचार से लेकर गंभीर मरीजों तक को इलाज के लिए दूरस्थ अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और आपातकालीन मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाने से अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है।


विधायक संजय पुराम ने क्षेत्र की स्वास्थ्य समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की आवश्यकता को मजबूती से रखा। उन्होंने बताया कि सितेपार क्षेत्र की बड़ी आबादी आज भी मूलभूत स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित है, जिससे ग्रामीणों को आर्थिक और शारीरिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आंबीटकर द्वारा विभागीय अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए जाने के बाद क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही सितेपार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सौगात मिल सकती है। ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न संगठनों ने विधायक संजय पुराम के इस प्रयास का स्वागत किया है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि सितेपार में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुरू होता है तो हजारों लोगों को उपचार, टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, आपातकालीन चिकित्सा सुविधा तथा विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेगा। इससे ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और लोगों को समय पर इलाज उपलब्ध होगा।

# शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के झुडपी जंगल के अतिक्रमण धारको को न्याय दिलाना मेरा लक्ष्य - विधायक विनोद अग्रवाल

### एसडीओ, तहसीलदार, बीडीओ, सीओ, तलाठी, एवं ग्रामसेवकों को दिए जानकारी इकठ्ठा कर प्रस्ताव वनविभाग को भेजने के निर्देश..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शहर व ग्रामीण क्षेत्र में वनविभाग के झुड़पी जंगल की जगह पर 1996 के पूर्व से रह रहे अतिक्रमणधारको को स्थायी जमीन के स्वामित्व अधिकार प्रदान करने के लिए विधायक विनोद अग्रवाल ने प्रयास तेज कर दिए है।***

बता दे कि इसके पूर्व शासन की जगह पर निवास कर रहे करीब 4 हजार 200 से अधिक ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को राजस्व मंत्री श्री बावनकुले के हस्ते जमीन के स्थायी पट्टे देने का प्रयास विधायक विनोद अग्रवाल के संकल्प से किया गया था।

अब श्री अग्रवाल ने झुड़पी जंगल जमीन पर रह रहे करीब 10 हजार अतिक्रमण धारक शहरी व ग्रामीण जनता को न्याय दिलाने का संकल्प लेकर अधिकारियों को जानकारी एकत्रित करने के निर्देश दिए है। विधायक विनोद अग्रवाल ने एसडीओ, तहसीलदार, पंचायत समिति के बीडीओ, नगर परिषद के सीओ, तलाठी, एवं ग्रामसेवकों को निर्देश दिए है कि वे शहरी क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्र में झुड़पी जंगल जमीन पर 1996 के पूर्व से रह रहे लोगों की जानकारी एकत्रित कर प्रस्ताव तत्काल वनविभाग को प्रस्तुत करें। जितने भी अतिक्रमण धारक 1996 के पूर्व के होंगे उन सभी को नियमाकुल करने अतिशीघ्र कार्रवाई करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा, 1996 के पूर्व के झुड़पी जंगल जमीन के अतिक्रमण धारकों को न्याय दिलाना मेरा लक्ष्य है। एक भी व्यक्ति जमीन के अधिकारों से वंचित न हो यही मेरा प्रयास है।

# दो जहरीले सांपों को छोड़ा जंगल में



जगप्रेरणा आमगांव।

***आमगांव नगर में दो अलग-अलग घटनाओं में दो स्थानों से जहरीले सापो को पकड़कर जीवनदान देते हुए उनके प्राकृतिक अधिवास क्षेत्र में ले जाकर छोड़ दिया गया।***

पहली घटना में 11 मई को शाम 4 बजे के दौरान कामठा रोड आमगांव स्थित लिल्हारे इलेक्ट्रानिक्स के मालिक अरूण लिल्हारे ने गोंदिया जिला प्राणी क्लेश प्रतिबंधक सोसायटी के सदस्य रघुनाथ भुते को जानकारी दी कि, उनके गोदाम में पाईपो के बीच में एक नाग छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही रघुनाथ भुते, वरिष्ठ वनाधिकारियों के मार्गदर्शन में घटना पर पहुँचे और काफी मशक्कत के बाद लोहे के भारी भरकम गर्डर तथा प्लास्टिक पाइप के बीच से इस नाग को पकड़ा तथा उसे जंगल में ले जाकर छोड़ दिया गया।

दूसरी घटना में 12 मई को बनिया मोहल्ला आमगांव निवासी अमोद असाटी के यहां अचानक एक सांप दिखाई पड़ने से हड़कम्प मच गया। परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना सर्पमित्र भुते को दी, जिन्होंने तुरंत वहां पहुंचकर सूझबूझ एवं सावधानी के साथ सांप को सुरक्षित पकड़कर बाहर निकाला और और उसे उसे उसके उसके प्राकृतिक अधिवास क्षेत्र में में ले जाकर छोड़ दिया।

# पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर मंडल के सलीमनाबाद रोड स्टेशन पर रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवा एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव की सुविधा

जगप्रेरणा गोंदिया।

***यात्रियों की सुविधा एवं क्षेत्रीय रेल संपर्क को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित गाड़ी संख्या 11754/11753 रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवा एक्सप्रेस का जबलपुर मंडल के सलीमनाबाद रोड स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।***

इस निर्णय के तहत गाड़ी संख्या 11754 रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस दिनांक 16 मई 2026 से आगामी आदेश तक सलीमनाबाद रोड स्टेशन पर रात्रि 19:51 बजे पहुंचेगी तथा 19:52 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11753 नेताजीसुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवा एक्सप्रेस दिनांक 18 मई 2026 से आगामी आदेश तक सलीमनाबाद रोड स्टेशन पर प्रातः 04:44 बजे पहुंचेगी तथा 04:45 बजे प्रस्थान करेगी।

इस प्रायोगिक ठहराव से सलीमनाबाद रोड एवं आसपास के क्षेत्र के यात्रियों को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी तथा उन्हें रीवा, नागपुर एवं मध्यवर्ती स्टेशनों के लिए बेहतर रेल संपर्क उपलब्ध हो सकेगा।

यात्रियों से आग्रह है कि उक्त ट्रेन की समय-सारिणी और ठहराव संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.enquiry.indianrail.gov.in** पर देखकर तदानुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

# ट्रेन में छूटा लाखों रुपये मूल्य का बैग रेलवे सुरक्षा बल ने खोजकर महिला यात्री को किया सुपुर्द..

### 'ऑपरेशन अमानत' के तहत रेसुब नागपुर मंडल की ईमानदार एवं सराहनीय कार्यवाही..





जगप्रेरणा गोंदिया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के रेलवे सुरक्षा बल द्वारा 'ऑपरेशन अमानत' के अंतर्गत एक महिला यात्री का गाड़ी में छूटा बैग खोजकर उसे सुरक्षित वापस सौंपते हुए ईमानदारी एवं तत्परता का परिचय दिया गया। बैग में लगभग 3,27,900/- मूल्य के सोने के आभूषण एवं अन्य सामान सुरक्षित पाए गए।

रेलवे में यात्रा करने वाले यात्री अक्सर यात्रा के दौरान रेलगाड़ियों अथवा रेलवे स्टेशन परिसर में अपना सामान भूल जाते हैं या खो देते हैं। ऐसी स्थिति में यात्री रेलवे सुरक्षा बल, शासकीय रेल पुलिस, रेलवे कर्मचारियों अथवा रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 एवं रेल मदद के माध्यम से शिकायत दर्ज कराते हैं। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा प्राप्त प्रत्येक सूचना को गंभीरता से लेते हुए 'ऑपरेशन अमानत' के तहत यात्रियों के खोए अथवा भुलवश छूटे सामान की खोजबीन कर सही मालिक तक पहुंचाने की कार्यवाही लगातार की जाती है।

श्री दीप चन्द्र आर्य, मंडल सुरक्षा आयुक्त/रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के मार्गदर्शन में नागपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं ट्रेनों में विशेष अभियान चलाकर यात्रियों के छूटे सामान को खोजकर उन्हें सुरक्षित लौटाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

इसी क्रम में दिनांक 12.05.2026 को गाड़ी संख्या 11201 नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस में नागपुर से छिंदवाड़ा तक जनरल कोच में यात्रा कर रही एक महिला यात्री अपना बैग गाड़ी में ही भूलकर स्टेशन पर उतर गई। स्टेशन पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल के आरक्षक अनिरुद्ध द्वारा जनरल कोच की जांच के दौरान उक्त लावारिस बैग प्राप्त हुआ। नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए बैग को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट छिंदवाड़ा में सुरक्षित रखा गया। कुछ समय बाद महिला यात्री को बैग ट्रेन में छूट जाने की जानकारी हुई, जिसके बाद वह पूछताछ करते हुए रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट छिंदवाड़ा पहुंचीं तथा बैग में कपड़ों के साथ सोने के आभूषण एवं अन्य कीमती सामान होने की जानकारी दी। आवश्यक पूछताछ एवं सत्यापन उपरांत महिला यात्री को बैग दिखाया गया, जिसे उन्होंने तुरंत पहचान लिया। बैग की जांच में लगभग 02 तोले का एक जोड़ी सोने का कंगन एवं 01 तोले का एक मंगलसूत्र सहित अन्य सामान सुरक्षित पाया गया, जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 3,27,900/- बताई गई। सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद उक्त बैग महिला यात्री को सही सलामत सुपुर्द किया गया।

महिला यात्री ने रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ईमानदारी, सतर्कता एवं सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा यात्रियों से अपील की गई है कि रेलगाड़ियों, रेलवे स्टेशन अथवा स्टेशन परिसर में किसी यात्री का छूटा हुआ सामान अथवा कोई संदिग्ध लावारिस वस्तु दिखाई देने पर तुरंत रेलवे सुरक्षा बल, शासकीय रेल पुलिस, टीटीई, अनुरक्षण दल अथवा रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 को सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्यवाही कर यात्रियों की सहायता सुनिश्चित की जा सके।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### कम्पाउंड वॉल और वायर तोड़कर आरोपी ने किया नुकसान मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत आर्थिक नुकसान का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 12/ 5/ 2026 के 1 बजे के दरम्यान देवरी रोड मे फर्यादी हर्षल विश्वनाथ मानकर उम्र 45 वर्ष निवासी आमगाव का प्लाट क्रमांक 460 अ,1200 स्केयर फीट होकर उस प्लाट का विवाद शुरू है। घटना के समय आरोपी ने प्लाट पर किया कंम्पाऊंड किमत 70 हजार रुपये, इलेक्ट्रिक तार ग्रिप, मालकियत हक का लगा बोर्ड किमत 11 हजार,2 सिसीटीव्ही कॅमेरे किमत 25 हजार कुल 1 लाख 6 हजार रुपये का नुकसान करने से आरोपी के खिलाफदिये शिकायत पर पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 341/2026 धारा 324,5, बी एन एस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाच पोहवा बर्वे 562 पोस्टे आमगाव कर रहे है।

### बारा चक्का ट्रक ने कार को ठोस मारकर किया नुकसान मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 13/ 5/ 2026 के दोपहर 1 बजे के दरम्यान गणखैरा मे फर्यादी पंकज मदनलाल लिल्हारे उम्र 40 वर्ष निवासी बालाघाट अपनी कार एम एच 14 एन डी 2018 सेल्टोस से जा रहे थे। उसी समय आरोपी 12 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 07 सिए 9078 के चालक ने पिछे से कार को जोरदार ठोस मारी और घटनास्थल से फरार हो गया। फर्यादी ने देखा तो कार के पिछे का हिस्सा टुटकर अंदाजन 4 लाख रुपये का नुक़सान होने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 274/2025 धारा 281,324,5, भान्यास 2023 सहकलम 184, 134, अ, ब,मोवाका के तहत दर्ज कर जॉच पोहवा कटरे 582 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

### तुने स्टिल की खिड़की मे लोहा मिलाया है बोलकर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 13/5/2026 के रात 8 बजे के दरम्यान कावराबांध मे फर्यादी दिपक गेंदलाल बरया उम्र 32 वर्ष निवासी गोंडीटोला अपनी वेल्डिंग दुकान मे बैठे थे। दोनो आरोपीयो ने आकर कहा तुने हमे स्टिल की खिडकी बोलकर लोहा मिलाया है, फर्यादी ने कहा मै चेक कर देता हु उसमे लोहा नही हो तो आरोपियो मे गालीगलौच कर मारपीट की और लोहे की सलाख से सर पर मारकर जख्मी किया और आगे देख लेने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 254/2026 धारा 118,1,115,2,352,351,2,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सफौ शामकुमार डोंगरे 752 पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

### तहसील कार्यालय सड़क अर्जुनी मे खड़े टिप्पर से बैटरी चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के सडक अर्जुनी पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 3/5/2026 से 13/5/2026 के दरम्यान पाटेकुर्रा मे टिप्पर क्रमांक एम एच 35 ऐजे 6767 मे आरोपी अवैध चोरी के रेती ले जा था। उसे पकडकर टिप्पर तहसील कार्यालय मे जप्त कर रखा हुवा था। घटना तारीख के दरम्यान खडे टिप्पर से अज्ञात आरोपी ने 2 नग बॅटरी किमत 20 हजार रुपये का माल चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे डुग्गीपार मे अपराध क्रमांक 236/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा दिपक खोटेले 1408 पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।



शुक्रवार 15 मई 2026

12

जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा

● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# विधायक विनोद अग्रवाल के प्रयासों से प्रधानमंत्री आवास योजना में 'गोंदिया' चौथी बार राज्य में प्रथम..

- प्रत्येक जरूरतमंद को आवास मिलें यही हमारा संकल्प- विधायक विनोद अग्रवाल
- पांच सालों में अबतक 44 हजार ग्रामीणों को आवास का लाभ, रेती वाटप में भी गोंदिया ने दर्ज किया अव्वल क्रमांक..
- 43 हजार ग्रामीणों को पीएम आवास का लाभ दिलाने के प्रयास तेज, सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण..




**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***ग्रामीण क्षेत्र में जरूरतमंद नागरिकों को आवास योजना का लाभ मिले, उनके सपनो का आशियाना हो, इसे लेकर गोंदिया के विधायक निरतंर प्रयास कर रहे है। इसी का प्रतिफल है पांच सालों में अबतक 44 हजार ग्रामीण लाभार्थियों को***

प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त हुआ। खासबात तो ये है कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने में गोंदिया ने पूरे राज्य में चौथी बार प्रथम क्रमांक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा, मेरे विधायकी कार्यकाल के पूर्व गोंदिया में मात्र 5 हजार ग्रामीणों को इसका लाभ मिल पाया था, परंतु हमनें वर्तमान स्थितियों को देख पांच साल में कई गुना आवास मंजूर कराने का प्रयास किया। आज उसी का प्रतिफल है हम आवास योजना का लाभ दिलाने में राज्य में प्रथम श्रेणी में है। विधायक श्री अग्रवाल ने आगे कहा, आवास मंजूरी के साथ ही आवास निर्माण के लिए लगने वाली रेती को हमनें 5 ब्रास रेती पर रॉयल्टी पर छूट देकर एक रिकॉर्ड कायम किया है। वर्ष 2024-2025 में 4996 लाभार्थियों को 16 हजार 685 ब्रास रेती देकर गोंदिया ने अव्वल स्थान प्राप्त किया है। महा आवास अभियान 2023-24 के अंतर्गत घोषित राज्य स्तरीय पुरस्कारों में गोंदिया जिले ने पूरे महाराष्ट्र में प्रथम स्थान प्राप्त करने और अपनी सफलता की परंपरा को चौथी बार बरकरार रखने पर 15 मई, 2026 को सतारा में राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त होने जा रहा है जो जिले के लिए सम्मान और गौरव पूर्ण है। इस सफलता में प्रशासन और पंचायत समिति सभापति और पदाधिकारी व ग्रामीण विकास प्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। लगातार चौथे वर्ष राज्य में शीर्ष स्थान प्राप्त करना एक बड़ी जिम्मेदारी है, और हम भविष्य में भी इस सफलता की परंपरा को बनाए रखने के लिए और जरूरतमंद नागरिकों को अधिक से अधिक लाभ प्रदान करने का प्रयास करेंगे। इसके अलावा 43 हजार ग्रामीणों को आवासीय योजना का लाभ प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके सर्वेक्षण का कार्य पूरा हो चुका है। जल्द ही शेष जरूरतमंदो को इसका लाभ मिले इसके प्रयास तेज है।

# गोंदिया के सहयोग हॉस्पिटल में आंखो के तिरछेपन और झुकी हुई पलक का हुआ सफल ऑपरेशन..




**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***गोंदिया के प्रसिद्ध सहयोग हॉस्पिटल के नेत्र विभाग ने एक बार फिर चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए आंखों के तिरछेपन (स्क्विंट/स्ट्रैबिस्मस) तथा झुकी हुई पलक (प्टोसिस) के जटिल ऑपरेशन***

सफलतापूर्वक संपन्न किए हैं। अब अस्पताल में स्क्विंट करेक्शन एवं प्टोसिस करेक्शन सर्जरी उन्नत तकनीक के साथ नियमित रूप से की जा रही है। इन सर्जरी का नेतृत्व नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वप्निल बंसोड द्वारा किया गया।

पहले मामले में एक मरीज बचपन से आंखों के तिरछेपन की समस्या से पीड़ित था, जिससे उसे देखने में कठिनाई हो रही थी। मरीज ने गोंदिया-बालाघाट के कई अस्पतालों में उपचार लिया, लेकिन उचित समाधान नहीं मिला और उसे नागपुर व हैदराबाद जाने की सलाह दी गई। इसके बाद मरीज ने सहयोग हॉस्पिटल में परामर्श लिया, जहां डॉ. बंसोड के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक स्क्विंट सर्जरी की गई। इस ऑपरेशन में आँखों की मांसपेसियों को कट करके माप लेकर सुनियोजित तरीके से फिर से जोड़ा जाता है जिससे तिरछी आँख सीधी हो जाती है जिसे स्क्विंट करेक्शन सर्जरी भी कहा जाता है। ऑपरेशन के बाद मरीज का तिरछापन पूरी तरह ठीक हो गया तथा उसकी दृष्टि में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ।

दूसरे मामले में एक मरीज बचपन से ही एक आंख की पलक झुकी हुई (प्टोसिस) होने के कारण दृष्टि संबंधी परेशानी से जूझ रहा था। इस मरीज को भी बड़े शहरों में जाने की सलाह दी गई थी, लेकिन सहयोग हॉस्पिटल में डॉ. बंसोड के मार्गदर्शन में प्टोसिस सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। इस ऑपरेशन में झुकी हुई पलक का माप लेकर उसमे सिलिकॉन रॉड डाला जाता है और उसकी मदत से पलक को उठाकर सुनियोजित जगह पर लाया जाता है जिसे पटोसिस करेक्शन सर्जरी विथ सिलिकॉन रॉड इम्प्लांट भी कहते है। ऑपरेशन के पश्चात मरीज की पलक सामान्य स्थिति में आ गई तथा दृष्टि में काफी सुधार हुआ।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर सहयोग हॉस्पिटल्स के सीएमडी जयेश सर, एमडी शीतल मैम, सीईओ डॉ. अजीत कुमार एवं सेंटर हेड डॉ. सौरभ वर्धानी ने डॉ. बंसोड को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अस्पताल में उपलब्ध इन उन्नत नेत्र चिकित्सा सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। सहयोग हॉस्पिटल की इस सफलता से यह स्पष्ट होता है कि अब गोंदिया में ही उच्च स्तरीय नेत्र उपचार सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे मरीजों को बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं है। अस्पताल का यह प्रयास क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त बना रहा है तथा मरीजों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव ला रहा है।

# फिर एक बार प्रोग्रेसिव्ह इंग्लिश स्कूल, गोंदिया का सी.बी.एस.ई कक्षा 12 वी परीक्षा में रहा शानदार प्रदर्शन

## शत् प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम..




**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***प्रोग्रेसिव्ह इंग्लिश स्कूल, (संलग्नित सी.बी.एस.ई. बोर्ड नई दिल्ली) गोंदिया के विद्यार्थियों ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियो***

ने विभिन्न विषयो में श्रेष्ठ अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत, लगन एवं शिक्षको के मार्गदर्शन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। विद्यालय के प्रतिभावान छात्र मा. सोहम गुरव 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान पर मा. अंशुल अडवानी 84.00 प्रतिशत, वा मा. हर्षवर्धन कटरे ने 83.80 प्रतिशत लेकर तृतीय स्थान पर सफलता प्राप्त की। इसी क्रम में कु. निधी पटले 83.20 प्रतिशत, कु. अवनी कटरे 80.80 प्रतिशत, मा. श्रीनिकेतन टेकाम 80.40 प्रतिशत, कु. ग्रेसी रहांगडाले 80.00 प्रतिशत, मा. आजान पठान 80.00 प्रतिशत अंको के साथ प्रविण्य सूची में रहे। विद्यार्थियो की इस सफलता पर संस्थाध्यक्ष डॉ. पंकज कटकवार, संस्था उपाध्यक्ष श्रीमती अल्का पी. कटकवार, सचिव डॉ. निरज कटकवार, श्रीमती लीना एन. कटकवार, प्राचार्या श्रीमती मिनाक्षी महापात्रा, ओ.टी. रहांगडाले, विकास पटले ने विद्यार्थियो की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए इस परिणाम को विद्यार्थियो की निरंतर मेहनत, शिक्षको के गुणवत्तापुर्ण मार्गदर्शन तथा अभिभावको के सहयोग का प्रतिफल बताया व सभी सफल विद्यार्थियों अभिभावको एवं शिक्षको को बधाई दी। वरिष्ठ शिक्षक सुनिल कटरे, नूतन पारधी, रानी खान, दिप्ती रहांगडाले, विलास भावे, हेमा नायडू, तुषार राऊत, रविकांता पारधी, कुणाल करांडे, विकास ऊके ने भी शुभकामनाओ के साथ विद्यार्थियों का अभिनंदन किया।

# नारी शक्ती का शंखनाद, गोल्डन दिवा द्वारा नारियों का सम्मान कर मनाया गया महिला दिवस..



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***दिनांक मई 2026 को गोंदिया शहर स्थित एक बड़े ब्रांड ज्वेलर्स में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में गोल्डन दिवा कार्यक्रम अंतर्गत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी उपलब्धियों व***

सामर्थ्य का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अतिथी के रुप में श्रीमती सुनिता राजकुमार अग्रवाल एवं आयोजक श्रीमती कविता यशपाल डोंगरे के प्रयत्नों से यह आयोजन सफल रहा। प्रमुख अतिथीयों में पार्षद श्रीमती संगीता अशोक गुप्ता, पूर्व पार्षद भावना दीपक कदम, गोंदिया जिला महिला आयोग की समन्वयक श्रीमती रजनी धिरज रामटेके, धर्मिष्ठा सेंगर, रितु वासनिक, गुरुप्रित कौर होरा उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ एवं उपस्थियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने समा बांध दिया, जिसमें महिलाओं ने नृत्य एवं गेम्स के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर श्रीमती सुनिता राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि, आज की महिला हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर है। परिवार से लेकर राष्ट्र निर्माण तक में महिलाओं का योगदान अतुलनीय है। वहीं पार्षद श्रीमती संगीता अशोक गुप्ता ने महिलाओं के कानूनी अधिकारों और सशक्तिकरण की योजनाओं पर प्रकाश डाला। साथ ही गोल्डन दिवा की आयोजक एवं कार्यक्रम की संचालक श्रीमती कविता यशपाल डोंगरे ने बताया कि, समाज में बदलाव तभी आएगा जब महिलाओं को समान अवसर और सुरक्षित वातावरण मिलेगा। गोल्डन दिवा बम्पर लक्की ड्रा विजेता श्रीमती मृणाली पालांदुरकर, स्टाइलिश मॉम ऑफ द इयर की प्रथम विजेता बिजनेस वुमन श्रीमती किर्ती कुंगवानी, मोस्ट चार्मिंग पर्सनैलिटी की द्वितीय विजेता श्रीमती स्नेहल ढाकनेकर, मोस्ट कॉनिफ्डेंट वॉक विजेता श्रीमती पायल सहारे (होममेकर ), बेस्ट मेकअप लुक श्रीमती मृणाली पालांदुरकर, बेस्ट सिग्नेचर पोज़ विजेता श्रीमती मीना चव्हाण (प्रिंसिपल), बेस्ट एटीट्युड वाली मॉम डॉ. वृषाली थोटे, बैलून गेम की प्रथम विजेता श्रीमती रंजित कनौजिया, द्वितीय विजेता कोमल उईके विजेता रही। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से श्रीमती सुरेखा भेंडारकर, किर्ती कुंगवानी, गीता आहुजा, गरीमा गोपलानी, लिंना डेबांनी, आरती मालाधारी, दिपा ठाकुर, किशोरी बिसेन, मीना चौव्हान, पायल सहारे, पायल मिश्रा, आचल लोथे, मृणाली पालांदुरकर, चांदनी होतचंदानी, राखी भारद्वाज, सोनु पारधी, लक्ष्मी चौधरी, रुपाली रौदकर, मितल बैस, रंजिता कनौजिया, पद्मा गौतम, वर्षा वाधवानी, वृषाली थोटे, प्रियंका पाटील, स्नेहा ढाकनेकर, रागिनी तिवारी, प्रतिभा चतुर, कांचन भेलावी, रितु तिवारी, दिवेकी बघेल, वर्षा बावनथड़े, सुनिता खोब्रागड़े, कोमल उईके, सुधा दुबे, श्रुति बर्नेवाल, वंदना डोंगरे, रत्नमाला बोम्बार्डे, माया मेश्राम, प्रमिला वाघमारे, विद्या बिसेन, विशाखा कोटांगले, संजना कंगवानी, विधी कुर्वे, सुनाना वाधवानी, सिमरन चौव्हान सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही ।

आयुर्वेद, पंचकर्म
स्पाईन एंड जॉईन्ट केअर सेंटर
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म व पाँचभौतीक विशेषज्ञ
7620340356
ऑर्थो केअर -
पिठदर्द, कमरदर्द, घुटनों में दर्द, गर्दन दर्द, रिढ़ की हड्डी में गॅप आना, हाथ पांव में झुनझुनी आना आदि रोगों का आयुर्वेद द्वारा सफल ईलाज ।
SPINE & JOINT CARE BY ADVANCE AYURVED PANCHAKARMA
- Cervical Spondylysis
- Slip Disc
- Spinal Cord Stenosis
- Lumber Spondylysis
- Knee Joint Care
आयुर्वेद द्वारा सौंदर्य चिकित्सा
- असमय बालों का झडना व सफेद होना
- चेहरे के काले दाग व पिंपल्स
स्त्रीरोग, त्वचाविकार,पेट के विकार आदि रोगों की आयुर्वेदिक चिकित्सा का विशेष अनुभव
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

## In The Court Of Niraj Kumar Soni, II Civil Judge Senior Division, District Court, Balaghat Presiding Officer - नीरज कुमार सोनी

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS A/0000076/2025)

सिद्धार्थ शुक्ला - वादी / रविन्द्र मिश्रा.... - प्रतिवादी

Process Id- /2026 पेशी दिनांक :- 25/06/2026

प्रेषिती- (1) रविन्द्र मिश्रा पता- शंकर नगर एच आइ जी 30 रायपूर छत्तीसगढ़ (2) पूनम दीक्षित पति अमित दीक्षित पता- मार्फत रवीन्द्र मिश्रा शंकर नगर एच आइ जी 30 रायपूर छत्तीसगढ़ (3) दीपक मिश्रा पिता रविन्द्रनाथ मिश्रा पता- शंकर नगर एच आइ जी 30 रायपूर छत्तीसगढ़ (4)पूजा शुक्ला पति मनीष शुक्ला पता- 76 आनंद नगर तेलीबांधा रायपूर छत्तीसगढ़ (5) माया पति ओमप्रकाश पता- जयस्तम्भ चौक कालोनी गोंदिया तह व जिला गोंदिया महाराष्ट्र। यह कि प्रार्थी सिद्धार्थ शुक्ला ने आपके विरूद्ध दावा वाद वास्ते उदघोषणार्थ के लिए बाद संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है. जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 13 स्डु4 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश

# माउंट लिटरा ज़ी स्कूल गोंदिया की छात्रा शोधशी कनोजे विद्यालय में प्रथम..



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

एस.एस.ए. एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी व्दारा संचालित माउंट लिटरा जी स्कूल, गोंदिया के कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों का सीबीएसई परीक्षफल उत्कृष्ट रहा।

विद्यालय की छात्रा कु. शोधशी कनोजे ने 89.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। छात्र दर्शील नायक व छात्रा संस्कृति धूलसे दोनों विधार्थियों ने 84.20 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में व्दितीय स्थान प्राप्त किया।

उसी प्रकार ओम मनोज कटरे ने (82.60 प्रतिशत) प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल कर अपने पालकों व विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विधार्थियों ने विभिन्न विषयों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की।

**विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के संचालक नितिश अग्रवाल, ललित अग्रवाल संचालिका निशि अग्रवाल, प्राचार्य जितेंद्र तलरेजा तथा संपूर्ण शिक्षक वृंद व शिक्षेत्तर कर्मचारियों ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्जवल व गगनचुंबी भविष्य की कामना करते हुए सभी को शुभकामनाएँ दी।**

## व्हाटसअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।

प्लॉट बेचना है..

गोंदिया शहर में सराफा मार्केट में होटल ताज दरबार के बाजू में और आईसीआईसीआई बैंक और हनुमान मंदिर के सामने स्थित 7050 वर्गफुट का प्लॉट बेचना है। चारों तरफ से बाउंड्री से सिक्योर्ड है और 3 तरफसे रोड है। संपर्क करें..
मो. नं. 9300693881
मो. नं. 9179739502

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक – स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक – आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल – jagprernaw@gmail.com